# शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

लखनऊ, शुक्रवार 28 फरवरी 2025 नगर संस्करण | पृष्ठ :-8 मूल्य :-4 रूपया | वर्ष:- 14, अंक 55






# महाकुंभ युग परिवर्तन की आहट

## इसने भारत की विकास यात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया, पीएम मोदी ने महाकुंभ पर लिखा ब्लॉग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ को बृहस्पतिवार को युग परिवर्तन की आहट करार दिया और कहा कि इस आयोजन ने भारत की विकास यात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया है और यह संदेश है विकसित भारत का।

महाकुंभ के पूर्ण होने पर विभिन्न सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से साझा किए गए एक आलेख में प्रधानमंत्री ने इस भव्य आयोजन को एकता का महाकुंभ बताया और कहा,



जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वह सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे और सभी ने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया। उन्होंने कहा, यह महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ, एक समय में, इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रयागराज में संपन्न महाकुंभ का यह आयोजन आधुनिक युग के 'मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स' (प्रबंधन पेशेवरों) के लिए, प्लानिंग (नियोजन) और पॉलिसी एक्सपर्ट्स (नीति विशेषज्ञों) के लिए नए सिरे से अध्ययन का विषय बना है। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में इस तरह के विराट आयोजन की कोई दूसरी तुलना नहीं है, ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है। उन्होंने कहा, पूरी दुनिया हैरान है कि कैसे एक नदी तट पर, त्रिवेणी संगम पर इतनी बड़ी संख्या में... करोड़ों की संख्या में लोग जुटे। इन करोड़ों लोगों को ना औपचारिक निमंत्रण था, ना ही किस समय पहुंचना है, उसकी कोई पूर्व सूचना थी। बस, लोग महाकुंभ के लिए चल पड़े...और पवित्र संगम में डुबकी लगाकर धन्य हो गए।

## उप राष्ट्रपति पद ग्रहण करने के बाद धनखड़ की पहली पश्चिम बंगाल यात्रा

**नयी दिल्ली।** उप राष्ट्रपति पद ग्रहण करने के बाद जगदीप धनखड़ शुक्रवार 28 फरवरी को पहली बार पश्चिम बंगाल की यात्रा पर जाएंगे और बीरभूम जिले में तारापीठ के दर्शन करेंगे। उप राष्ट्रपति शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की एकदिवसीय यात्रा पर रहेंगे। इस यात्रा में धनखड़ बीरभूम जिले में प्रख्यात शक्तिपीठ तारापीठ के दर्शन करेंगे। धनखड़ कोलकाता में गौड़ीय मिशन के संस्थापक आचार्य श्रील भक्ति सिद्धांत सरस्वती गोस्वामी प्रभुपाद की 150वीं जयंती के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता भी करेंगे। देश के 14वें उप राष्ट्रपति बनने के बाद धनखड़ पश्चिम बंगाल में पहली बार किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे।

## सरसों के खेत में मिला बच्ची का कटा हुआ धड़, दूसरा पैर भी बरामद

### सीतापुर में 2 दिन पहले लापता हुई थी मासूम

एजेंसी

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर से एक को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र में थाने के पास सरसों के खेत में बुधवार को घुटने के नीचे से कटा पैर मिला। वहीं 100 मीटर की दूरी पर जबड़े के टुकड़े बरामद हुए। हालांकि, मासूम के पेट का हिस्सा अभी भी मिसिंग है। पुलिस ड्रोन और डॉग स्क्वॉयड की मदद से खेत और आसपास के इलाकों में शरीर के बाकी बचे हिस्से खोज रही है। यह अंग 5 वर्षीय बच्ची तानी के बताए जा रहे हैं। बच्ची मंगलवार शाम को घर से लापता हो गई थी। बता दें कि घटना सीतापुर के रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के बहादुरगंज गांव की है। जहां बुधवार सुबह लोग खेत देखने गए थे। इसी दौरान थाने के पास अमरीका के सरसों के खेत में एक पैर का घुटने के नीचे का हिस्सा मिला। इससे 100 मीटर की दूरी पर जबड़ा बरामद हुआ। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष कृष्ण नंदन तिवारी पहुंच गए। पैर को कब्जे में ले लिया। कुछ ही देर में घटनास्थल पर भारी भीड़ एकत्र हो गई। कस्बा के मोहित ने पैर अपनी 5 वर्षीय बेटी तानी का होने का दावा किया।

## दो वाहनों की टक्कर में चार लोगों की मौत

**आरा।** बिहार में भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को दो वाहनों के बीच हुई टक्कर में तीन महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई तथा सात अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि ऑटो रिक्शा पर सवार लोग जा रहे थे तभी बनाही ओवरब्रिज के समीप ट्रक ने ऑटो रिक्शा में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ऑटो रिक्शा पर सवार तीन महिला समेत चार लोग की मौत हो गई तथा सात अन्य घायल हो गये। सूत्रों ने बताया कि मृतकों की पहचान वैशाली जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र के नौकापाटी फतेहपुर निवासी मनोज महतो के पुत्र अजीत कुमार, गंगा ब्रिज थाना क्षेत्र के छवकिया निवासी शिवनंदन महतो की पत्नी सुहागी देवी (50), पटना जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के दाउदपुर निवासी उत्तम महतो की पत्नी सुभाग्या देवी (65), और मोहन महतो की पत्नी सिरतिया देवी (65) के रूप में की गयी है। ऑटो रिक्शा पर सवार लोग कैमूर के गुप्ता धाम में मुंडन संस्कार में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे तभी यह दुर्घटना हुयी।

## पीएम मोदी के "विकसित भारत के संस्करण ने तो आम लोगों की जेब ही खाली कर दी: खड़गे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि 100 करोड़ भारतीयों के पास खर्च करने के लिए कोई अतिरिक्त आय नहीं है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "विकसित भारत के संस्करण ने तो आम लोगों की जेब ही खाली कर दी तथा चुनिंदा अरबपतियों के खजाने भर दिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत वैश्विक शुल्क को लेकर छिड़े युद्ध और व्यापार बाधाओं का सामना कर रहा है और केंद्रीय बजट की घोषणाएं बेमानी साबित हुई हैं।

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खड़गे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्सश् पर पोस्ट किया, ' नरेंद्र मोदी जी, 100 करोड़ भारतीय नागरिकों के पास खर्च करने के लिए कोई अतिरिक्त आय नहीं है... हमारी जीडीपी का 60 प्रतिशत उपभोग पर निर्भर है। लेकिन भारत में केवल शीर्ष 10 प्रतिशत लोग ही ऐसे हैं जो आर्थिक विकास और उपभोग को बढ़ावा देते हैं। शेष 90 प्रतिशत लोग तो बुनियादी दैनिक



जरूरतों की खरीद करने में भी सक्षम नहीं हैं। उन्होंने कहा, "भारत में कर भुगतान करने वाली मध्यम वर्ग की 50 फीसदी आबादी के मानदेय में पिछले दशक में बहुत कम वृद्धि हुई या कोई वृद्धि नहीं हुई है। ग्रामीण मजदूरी में नकारात्मक वृद्धि देखी जा रही है। संपत्ति का संकेंद्रण बढ़ रहा है और आपकी नीतियां सभी के बीच आय वितरित करने में विफल रही हैं। खड़गे ने दावा किया कि पिछले 10 वर्षों के दौरान स्थिर मजदूरी, लगातार मुद्रास्फीति और घटती खपत के कारण घरेलू बचत 50 साल के निचले स्तर पर आ गई है तथा आय असमानता 100 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है और घरेलू कर्ज सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।

## सफाईकर्मियों के लिए मुख्यमंत्री योगी का बड़ा एलान

# 10 हजार का बोनस, 16000 माह न्यूनतम वेतन की घोषणा

एजेंसी

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि महाकुंभ के माध्यम से प्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन की पांच सर्किट बन गई। इसमें प्रयागराज से विंध्यवासिनी और काशी, प्रयागराज से अयोध्या-गोरखपुर, प्रयागराज से राजापुर व चित्रकूट, प्रयागराज से बुंदेलखंड होते हुए मथुरा वृन्दावन, प्रयागराज से श्रृंगवेरपुर, लखनऊ व नैमिषारण्य शामिल है। इस दौरान सीएम योगी ने सफाई कर्मियों और स्वास्थ्य कर्मियों को लेकर डबल गिफ्ट का ऐलान कर दिया। सीएम योगी ने कहा, होली से पहले सफाईकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों को



अतिरिक्त बोनस दिया जाएगा। योगी ने कहा कि प्रयागराज से जुड़े सफाईकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों को 10 हजार का बोनस दिया जाएगा। उन्होने कहा कि अप्रैल से कॉर्पोरेशन बनने जा रहा है। योगी ने ऐलान करते हुए कहा कि न्यूनतम 16 हजार रुपए मासिक मानदेय दिए जायेंगे। ये पैसा सीधे खाते में जाएंगे। इसके साथ ही उन्हें 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा के लिए आयुष्मान कार्ड भी दिया जाएगा। योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रयागराज महाकुम्भ में कार्यरत रहे स्वच्छताकर्मियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री ने सफाईकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों को उपहार के साथ ही स्वच्छ कुम्भ कोष से बीमा प्रमाण पत्र प्रदान किया और साथ ही मंच से ऐलान किया कि जो भी स्वच्छताकर्मी और स्वास्थ्यकर्मी महाकुम्भ के महाआयोजन में सहभागी बने, उन्हें प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त बोनस के रूप में 10 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जाएगी। यही नहीं, सीएम योगी ने यह भी ऐलान किया कि अप्रैल से प्रदेश सरकार एक कॉर्पोरेशन का गठन करने जा रही है, जिसके माध्यम से हर स्वच्छताकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी और उन सभी कर्मियों को जिन्हें मिनिमम वेज नहीं मिल पाता था, उन्हें सरकार 16 हजार रुपए प्रतिमाह प्रदान करेगी।


## यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष भारत दौरे पर पहुंचीं

**नई दिल्ली।** यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन गुरुवार को भारत की दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंची। केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने हवाई अड्डे पर सुश्री वॉन डेर लेयेन का स्वागत किया। बाद में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष ने महात्मा के सार्वभौमिक शांति के संदेश को याद करते हुए राजघाट पर जा कर बापू की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। शाम को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उनसे मुलाकात की। वह शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत-यूरोपीय संघ की बहुआयामी साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाना।

## भारत में पाया गया बिल्लियों में बर्ड फ्लू

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने घरेलू बिल्लियों में एच5एन1 एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस के अपने पहले मामले की पुष्टि की है। यह मामला मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में पाया गया था और इसने बर्ड फ्लू वायरस के मनुष्यों में फैलने की संभावना के बारे में चिंता जताई है। एवियन इन्फ्लूएंजा मुख्य रूप से पक्षियों को प्रभावित करता है, लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, मनुष्यों में संक्रमण, हालांकि असामान्य है, संक्रमित जानवरों या दूषित सतहों के सीधे संपर्क में आने से हो सकता है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान और केंद्र सरकार के पशुपालन विभाग के शोधकर्ताओं ने इस जनवरी में छिंदवाड़ा में मामले दर्ज किए। यह जिला नागपुर से



सीमा साझा करता है, जहां पिछले साल दिसंबर में कई बड़ी बिल्लियाँ बर्ड फ्लू की चपेट में आ गई थीं। क्या आपको घरेलू बिल्लियों के संपर्क में आने के बारे में चिंतित होना चाहिए? शोध में क्या पता चला? बर्ड फ्लू कैसे फैलता है, और क्या सावधानियां बरती जा सकती हैं? हम इन सवालों के जवाब देंगे। अपने शोध के माध्यम से, वैज्ञानिकों ने निर्धारित किया कि घरेलू बिल्लियों में पाया जाने वाला एच5एन1 एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस 2.3.2.1ड्ड वंश से संबंधित है, जो पूरे भारत में पोल्ट्री प्रकोप के लिए जिम्मेदार है। टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार, अध्ययन में कहा गया है, ये मामले भारत में घरेलू बिल्लियों को संक्रमित करने वाले इस विशेष स्ट्रेन के पहले प्रलेखित उदाहरणों का प्रतिनिधित्व करते हैं। पोल्ट्री क्षेत्र में चिंताओं के बीच, तेलंगाना ने अपने पोल्ट्री उद्योग की सुरक्षा के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। पड़ोसी राज्यों में मामले सामने आने और केंद्र सरकार द्वारा सलाह जारी करने के साथ, राज्य के अधिकारी जैव सुरक्षा उपायों को मजबूत करने, पोल्ट्री किसानों के बीच जागरूकता बढ़ाने और पोल्ट्री उपभोग सुरक्षा के बारे में जनता को आश्वस्त करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, द हिंदू ने रिपोर्ट किया। अब जब घरेलू बिल्लियों में संक्रमण की पहचान की गई है, तो वैज्ञानिक घरेलू पोल्ट्री, जंगली पक्षियों और पालतू जानवरों और मनुष्यों सहित स्तनधारियों की बेहतर निगरानी का आग्रह कर रहे हैं।

## पुणे रेप केस ने दिलाई निर्भया कांड की याद

## पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ की कड़ी कार्रवाई की मांग, आरोपी अब भी फरार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के पुणे के स्वारगेट डिपो में एक बस के अंदर एक महिला के साथ कथित बलात्कार की जांच के बीच, फरार आरोपियों के लिए सख्त सजा की मांग बढ़ती जा रही है। भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने भी इसी तरह की मांग उठाई है। विपक्ष के बढ़ते दबाव के बीच, जिसने इस घटना की तुलना 2012 के दिल्ली निर्भया सामूहिक बलात्कार से की है, मामले को सुलझाने का पुरजोर प्रयास चल रहा है। पुलिस ने फरार आरोपी की सूचना देने पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया



है। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर आरोपी दत्तात्रेय रामदास गाडे (37) को पकड़ने के लिए कई टीमों का गठन किया है, जो मंगलवार सुबह महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बस में हुई घटना के बाद से फरार है। पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को कहा कि निर्भया घटना के बाद कानूनों में बहुत सारे बदलाव किए गए।

## संभल हिंसा मामला: जेल में बंद 17 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

एजेंसी

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में पिछले साल 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा हुई थी। इस मामले में जेल में बंद 17 आरोपियों की कोर्ट ने गुरुवार को जमानत याचिका खारिज कर दी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कोर्ट इससे पहले 42 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर चुका है। बवाल के आरोप में जेल में बंद अब तक कुल 59 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज की जा चुकी है। कोर्ट का कहना है कि सभी आरोपियों पर गंभीर आरोप हैं। शासकीय अधिवक्ता हरिओम प्रकाश सैनी ने गुरुवार को बताया कि शाही




जामा मस्जिद प्रकरण में 29 लोगों के प्रार्थना पत्र पहले खारिज हो चुके हैं। कोर्ट में आज 17 जमानत याचिकाओं पर सुनवाई हुई है। सभी 17 याचिकाओं को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कुल मिलाकर अब 59 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज की जा चुकी है। जानकारी के अनुसार, संभल हिंसा मामले में 80 आरोपी जेल में बंद हैं। हालांकि, आरोपी पक्ष के वकीलों ने हाल में जमानत याचिका खारिज होने पर हाईकोर्ट जाने की बात कही थी। संभल के एसपी कृष्ण बिश्नोई ने शुक्रवार (21 फरवरी) को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया था कि 24 नवंबर 2024 को हुई हिंसा के मामले में अब तक कुल 12 एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिसमें से सात मामले संभल कोतवाली, चार मामले नखासा थाने और एक जीरो एफआईआर मुरादाबाद में दर्ज की गई है।

छह मामलों में पुलिस ने चार्जशीट पेश कर दी है। सबसे पहले लिखी गई दो एफआईआर में उपनिरीक्षक शाह फैसल की पर्सनल बुलेट और सरकारी गाड़ियों को आग लगाने का प्रयास किया गया। सरकारी गाड़ी जल गई, जबकि उपनिरीक्षक की पर्सनल गाड़ी को जलने से बचा लिया गया। सीसीटीवी के आधार पर इस मामले में 23 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है। उन्होंने कहा कि दूसरे मामले में एक अपराधी ने फायरिंग की थी, जिसमें 25 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है। इसके अलावा एक और मामले में 21 लोगों को मौके से गिरफ्तार किया गया था। नामजद अभियुक्त समेत 53 लोगों के खिलाफ इसमें चार्जशीट दायर की गई है। चौथे मामले में एसडीएम पथराव के दौरान घायल हुए थे। उसमें 37 लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है। साथ ही कोतवाली क्षेत्र के एक मामले में सीओ को पैर में गोली लगी थी। इस केस में 38 लोगों के खिलाफचार्जशीट पेश की गई है।


RNI : UPHIN/2012/45286

शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र (प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया)

YouTube shakuntimes

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के सम्पूर्ण जिले में तहसील और ब्लाक स्तर पर संवाददाता की

प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया

यदि आप भी समाज में फैले हुए भ्रष्टाचार के विरुद्ध उठाना चाहते है आवाज़ तो शकुन टाइम्स दे रहा है आपको एक बेहतरीन मौका

अधिक जानाकारी के लिए

अपना नाम व जिला हमें

WhatsApp करें

9935781155, 9415052283



# जौनपुर महोत्सव को लेकर मंत्री ने अधिकारियों के साथ किया बैठक

## महोत्सव में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे आयोजित

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जौनपुर।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव की अध्यक्षता में निरीक्षण भवन, लोक निर्माण विभाग में जौनपुर महोत्सव आयोजित किये जाने हेतु बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में वर्ष 2024-25 में जौनपुर महोत्सव आयोजित किये जाने हेतु 10 मार्च 2025 से 12 मार्च 2025, स्थान शाही किला, जौनपुर प्रस्तावित किया गया। 10 मार्च 2025 में वृहद रूप में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत जनपद के विभिन्न विकास खण्डों से विवाह के इच्छुक वर वधु का सामूहिक विवाह होना प्रस्तावित है। 11 मार्च 2025 में कवि सम्मेलन और 12 मार्च 2025 में राजकीय विभागों की प्रदर्शनी प्रस्तावित है। जौनपुर महोत्सव में स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित करने हेतु रंगमंच प्रदान किये जाने हेतु प्रस्ताव किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक के संयुक्त तत्वाधान में जनपद के छात्रों व स्थानीय कलाकारों के चयन हेतु प्रस्ताव किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जौनपुर महोत्सव के संदर्भ में जनपद के समस्त अधिकारियों के उत्तरदायित्व निर्धारण व विशद रूप रेखा हेतु 01 मार्च 2025 में कलेक्ट्रेट सभागार, समय सायं 05:00 बजे बैठक आहूत की गयी हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र, मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, परियोजना निदेशक कृष्ण करूणाकर पाण्डेय, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण नीरज कुमार, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र विश्वकर्मा, अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जिला पंचायत राज अधिकारी नत्थूलाल, जिला पर्यटन अधिकारी मीनाक्षी यादव और अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका, मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, श्याम मोहन अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# के0पी0एल0 प्रमुख ने किया ग्रीन पार्क का निरीक्षण



शकुन टाइम्स संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर क्रिकेट एसोसियेशन द्वारा आयोजित मयूर कानपुर प्रीमियर लीग के आयोजन को लेकर डा0 संजय कपूर ने के0पी0एल0 गवर्निंग काउन्सिल सदस्यों के साथ ग्रीन पार्क मैदान की लाइट के चारों टावर का निरीक्षण किया । डा0 संजय कपूर ने 2 मार्च से शुरू होने वाली %मयूर% कानपुर प्रीमियर लीग के आयोजन में होने वाली तैयारियों को लेकर भी विचार विमर्श किया ।निरीक्षण के दौरान के0पी0एल0 कमिश्नर अश्वनी कोहली, गौरव कनौडिया, विनय आनन्द, सुरपाल सिंह, सुशील वाधवानी विनीत रूंगटा, गौरव सेठी, संजय तिवारी, शिवकुमार, अनुराग अग्रवाल, मनीष मेहरोत्रा, बिन्दा जायसवाल, अहमद अली इत्यादि उपस्थित रहे ।

# संक्षिप्त सामाचार

### शराबियों ने की चौकीदार की हत्या

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के महोबकंठ क्षेत्र में शराब के नशे में धुत दबंगो ने एक दलित चौकीदार की लाठी डंडो से पीट कर हत्या कर दी। पुलिस उप अधीक्षक हर्षिता गंगवार ने गुरुवार को बताया कि कनोरा गांव निवासी छक्की लाल (50) बसौर गाँव का चौकीदार था। वह शादी विवाह एवं अन्य अवसरों पर बैंड बाजा का काम भी करता था। बुधवार रात वह पड़ोस के गाँव में शादी समारोह में बेंड लेकर जा रहा था कि तभी रूरी कलां के पास एक स्थान पर शराब पी रहे आधा दर्जन दबंगो ने उसे रोका और शराब लेने के लिए ठेके तक जाने को उससे बाइक मांगी। बाइक देने से इंकार करने पर दबंग भड़क गए तथा जाति सूचक गालियां देते हुये उन्होंने लाठी डंडो से चौकीदार पर हमला बोल दिया। उन्होने बताया कि दबंगो ने उसे इस कदर पीटा कि उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना कि सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है तथा जांच पड़ताल शुरू कि है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उनके संभावित ठिकानो पर छापा मारी कर रही है।

### बहराइच में सिरफिरे ने पत्नी की नाक काटी

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कैसरगंज क्षेत्र में एक सिरफिरे ने एक दुस्साहिक घटना में सरेराह अपनी पत्नी की नाक काट दी।

पुलिस सूत्रों ने गुरुवारको बताया कि देवलखा गांव निवासी संदीप कुमार अपने बच्चों के साथ बीती रात देवलखा चौराहा पर निकल रही शिव बारात देखने गया था। भीड़ में बच्चों के खो जाने के डर से संदीप की पत्नी सरोज कुमारी एक अन्य महिला के साथ उन्हें बुलाने गई।

उसी दौरान संदीप भी वहां पहुंचा और सुरक्षा में तैनात डायल 112 पुलिस टीम के सामने ही अपनी पत्नी की पिटाई शुरू कर दी और फिर दांतों से उनकी नाक काट ली। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप करते हुए संदीप को धक्का देकर सरोज को छुड़ाया। गंभीर रूप से घायल सरोज को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टर रामेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि महिला की हालत में सुधार हो रहा है। घटना के बाद महिला ने अभी तक पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हिंदू युवती से कोर्ट मैरिज करने पहुंचा मुस्लिम युवक,लोगों ने पकड़कर की पिटाई

**बस्ती।** जनपद में मुस्लिम युवक एक हिंदू युवती से मैरिज करने कोर्ट पहुंच गया। इस बात की खबर जैसे ही हिंदू संगठनों को लगी, वे मौके पर आ गए। लड़का और लड़की दोनों को पकड़ लिया। उन्हें वकील के चेंबर से बाहर लेकर आए। युवक की पिटाई शुरू कर दी। मौके पर हंगामा होने लगा। भीड़ इकठ्ठा हो गई। इसी बीच पुलिस भी आ गई। युवक को हिरासत में लेकर चली गई। युवती ने युवक पर जबरन शादी करने का आरोप लगाया। वहीं पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है। त्रमामला बानपुर गांव का है। यहां की रहने वाली एक हिंदू युवती का जुबैर नाम के युवक से प्रेम संबंध था। गुरुवार दोपहर लड़की अपने प्रेमी के साथ कोर्ट पहुंची।

वहां दोनों कोर्ट मैरिज को लेकर वकील के चेंबर में कागजी कार्यवाही कर रहे थे। इसी बीच सूचना पर हिंदू संगठन के लोग वहां पहुंच गए। संगठन के सदस्यों ने चेंबर से युवती को बाहर निकाला और युवक की पिटाई करनी शुरू कर दी। विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने जब युवती से पूछताछ की तो युवती ने कहा, लड़के वाले जबरिया उसकी शादी करा रहे थे। इसके बाद हिंदूवादी नेता मुस्लिम युवक को पीटने लगे।

## मोबाइल स्नैचिंग के मामले में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार तथा दो बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया

### कब्जे से मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल बरामद



शकुन टाइम्स संवाददाता

**वाराणसी।** सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-120/2025 धारा 304(2)/317(2) बी0एन0एस0 थाना चौबेपुर से संबंधित वांछित अभियुक्त पंकज चौहान पुत्र वाल्मीकि चौहान निवासी नरायणपुर थाना चौबेपुर व राहुल यादव पुत्र करिया यादव निवासी कादीपुर खुर्द थाना चौबेपुर को सुंगुलपुर अण्डर पास से गिरफ्तार किया गया तथा दो बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया ।अभियुक्त व बाल अपचारियों के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित छीना गया मोबाईल फोन व घटना में प्रयुक्त वाहन मोटरसाईकिल बरामद हुआ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा थाना चौबेपुर,उ0नि0 टुन्नू सिंह,उ0नि0 दुर्गेश मिश्रा,उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद यादव,आरक्षी गुलशन कुमार,आरक्षी अमित कुमार,आरक्षी शशि कुमार सरोज टीम रही।

## किसान की मौत, इनर रिंग रोड के पास खेत में मिला शव

**आगरा।** आगरा के थाना मलपुरा क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक किसान का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इनर रिंग रोड के किनारे खेतों में मिले शव की पहचान नगला ककरारी निवासी 60 वर्षीय मुन्नालाल के रूप में हुई है। ग्राम प्रधान शिव कुमार की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल से कीटनाशक दवाई, प्लास्टिक का गिलास, मोटरसाइकिल की चाबी, चप्पल और शराब का पउआ बरामद हुआ। परिजनों के अनुसार, मुन्नालाल बुधवार शाम को घर से निकले थे और वापस नहीं लौटे। थाना मलपुरा प्रभारी पवन कुमार सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है। चौकी प्रभारी ककुआ अमित कुमार धामा भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से नमूने एकत्र किए हैं। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

# मनबढ़ युवकों ने दुकान और गाड़ियों के शीशे तोड़े, दुकानदारों ने किया प्रदर्शन

शकुन टाइम्स संवाददाता



**गाजीपुर।** दुबिहाँ मोड़ पर बुधवार की रात टाटा सफारी सवार मनबढ़ युवकों ने दो मिठाई के काउंटर सहित पांच चार पहिया वाहनों के शीशे तोड़ दिए ।गुरुवार की सुबह जब दुकानदारों एवं व्यापारियों को पता चला तो वे अपनी दुकानों को बंद करके करने पर बैठ गए उनकी मांग थी कि जब तक पुलिस द्वारा आरोपियों को पकड़ नहीं जाएगा एवं वहां पिकेट लगाकर व्यापारियों को सुरक्षा प्रदान नही की जाएगी तब तक वे धरने पर बैठे रहेंगे। सूचना पर कासिमाबाद सीओ अनिल चंद्र तिवारी मोहम्मदाबाद थाना प्रभारी शैलेश कुमार मिश्रा, करीमुद्दीनपुर थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार पूरी फोर्स के साथ धरना स्थल पर पहुंच गए और धरनारत व्यापारियों को काफी समझाया तब जाकर व्यापारियों ने 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया और कहा कि अगर आरोपियों को पकड़कर उचित कार्रवाई न की जाएगी तो वे फिर धरना शुरू कर देंगे ।इस संबंध में दुकानदारों ने थाना में तहरीर दी है ।तहरीर में दिया गया है कि टाटा सफारी सवारों ने बुधवार की शाम चार बजे रेलवे क्रॉसिंग से पहले बब्बन डोम को धक्का मारते हुए रसड़ा की तरफ भाग गए करीमुद्दीनपुर पुलिस द्वारा बब्बन डोम को जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया ।इसके बाद रात में 12 बजे के करीब उन्ही टाटा सफारी सवारों द्वारा अमित यादव की बोलेरो का शीशा,सेहराब अंसारी की अर्टिगा का शीशा और सुभाष कुशवाहा की टोयटा गाड़ी का शीशा तोड़ दिया गया उसके बाद संतोष यादव व अखिलेश गुप्ता के मिठाई की दुकान का काउंटर तोड़ा गया उसके बाद वे लट्ठूडीह में पत्रकार ओमप्रकाश पांडेय के दो स्कार्पियो गाड़ी के शीशे तोड़ते हुए भांवरकोल की तरफ चले गए।

# एनएसएस से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता हैः डॉ. रोबिन सिंह

### राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के पांचवें दिन का आयोजन संपन्न

शकुन टाइम्स संवाददाता

**जौनपुर।** मोहम्मद हसन पी.जी. कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (हृस्स्) इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन का आयोजन डॉ. अबू मोहम्मद आई.टी.आई. परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर.पी. सिंह ने की।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में मुख्य अतिथि डॉ. अनुराग मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रभाकर सिंह, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव उपस्थित रहे। द्वितीय चरण के मुख्य अतिथि हिंदुस्तान के ब्यूरो चीफ सुजीत शुक्ला और विशिष्ट अतिथि सहायक ब्यूरो चीफ रुद्र प्रताप सिंह थे। इसके अतिरिक्त, कृष्णा हार्ट केयर के चिकित्सा हड्डी विशेषज्ञ डॉ. राबिन सिंह ने भी स्वास्थ्य एवं फिटनेस के महत्व पर विचार साझा किए।

अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में देश सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। हृस्स् के माध्यम से विद्यार्थी न केवल समाज सेवा की भावना को आत्मसात करते हैं, बल्कि वे शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से भी सशक्त होते हैं।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों से ऊर्जा का संचार

कार्यक्रम में छात्राओं ने सरस्वती वंदना और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी, जिससे समूचे वातावरण में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर सभी अतिथियों का बुके, पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया।

### कई गणमान्य लोग रहे उपस्थित

कार्यक्रम का संचालन अहमद अब्बास खान ने किया। इस अवसर पर डॉ. जीवन यादव, डीएलएड प्रभारी आर.पी. सिंह, डॉ. ममता सिंह, डॉ अनिरुद्ध सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश कुमार बिंद, डॉ. विवेक विक्रम सिंह, डॉ. नीलेश सिंह, डॉ. अमित जायसवाल, डॉ. प्रेमलता गिरी, डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव, डॉ. अंकिता श्रीवास्तव प्रवीण यादव सहित कई शिक्षाविद् एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इसके अलावा सुमित, हर्ष, आंचल, स्नेहा, श्रेय्या,खुशी,एकता,राजन,अंशुमान सहित सैकड़ों हृस्स् स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने युवाओं से समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हृस्स् जैसी योजनाएँ विद्यार्थियों को समाज के प्रति जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देती हैं।

# छात्र से मशाज करा रहे शिक्षक का वीडियो वायरल

शकुन टाइम्स संवाददाता



**बदलापुर /जौनपुर।** बदलापुर ब्लाक के एक कम्पोजिट स्कूल में शिक्षक द्वारा छात्र से मसाज करवाने का मामला सामने आया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल नें बदलापुर के खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद पांडे को जांच का आदेश जारी किया हैं।

बताया जा रहा है कि बदलापुर ब्लाक के कम्पोजिट स्कूल ऊदपुरगेल्हवा के चर्चित शिक्षक अखिलेश कुमार सिंह कार्यालय के पास एक छात्र से स्कूल में हांथ व पैर की मालिश करवा रहे थे । जिसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होंने की खबर मिलते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने बदलापुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी अरविंद पाण्डेय को वायरल वीडियो की जांच कर चौबीस घंटे के भीतर निष्पक्ष गुणवत्तापूर्ण रिपोर्ट मांगी है। गौरतलब है कि उसी शिक्षक द्वारा गत वर्ष भी छात्राओं से अश्लील हरकत करने का एक वीडियो वायरल हुआ था। जांच के बाद दोषी शिक्षक को निलम्बित कर विभाग ने कुछ दिन बाद बहाल कर दिया था। अभी अश्लील हरकत करने का वीडियो वायरल हुए साल भर पूरा नहीं हुआ कि उसी शिक्षक का छात्रों से मशाज कराने का दूसरा वीडियो वायरल हुआ। शिक्षक की हरकत से तंग आ कर अभिभावकों तथा छात्र छात्राओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। कम्पोजिट विद्यालय की प्रधानाध्यापक सुमन सिंह इस प्रकरण में अपना पक्ष रखने में असमर्थता जता रही हैं।

## घरवालों की डांट से नाराज किशोरी ने दी जान

**बांदा।** जिले के बिसंडा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। घरेलू कामकाज को लेकर पिता की डांट से नाराज 15 वर्षीय किशोरी ने कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। रोशनी नाम की किशोरी ने अपने घर से 50 मीटर दूर रामजानकी मंदिर के पास स्थित कुएं में छलांग लगा दी। उसे बचाने के लिए पिता चुनूबाद और एक ग्रामीण भी कुएं में उतरे। लेकिन कुएं में अधिक गंदगी होने के कारण वे उसे बचा नहीं पाए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद किशोरी के शव को बाहर निकाला। मृतका के भाई लखन ने बताया कि वह सब्जी की ठेली लगाता है। पिता बटाई पर खेती करते हैं। परिवार में तीन बहनें हैं, जिनमें रोशनी सबसे बड़ी थी। उसकी मां का निधन 10 साल पहले हो चुका था। रोशनी पांचवीं कक्षा तक पढ़ी थी। भाई के अनुसार, पिता ने गोबर ले जाने और छोटी बहन के लिए नाश्ता न बनाने को लेकर डांटा था।

## युवक का शव पेड़ से लटका मिला, हत्या का आरोप

**अमेठी।** जनपद के बाजार शुकुल थाना क्षेत्र में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान महोना पूरब गांव के राम मूरत (21) के रूप में हुई। वह मंगलवार दोपहर से लापता था। मवैया रहमत गढ़ गांव के पंचायत भवन के पास रात में एक पेड़ पर मफ्लर से लटका शव मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा। कई घंटों की कोशिश के बाद मृतक की पहचान हो सकी ।मृतक के पिता रामधन ने बताया कि उनका बेटा मंगलवार दोपहर से गायब था। उन्होंने हर जगह तलाश किया। उनका कहना है कि परिवार में कोई विवाद नहीं था, जिससे बेटा आत्महत्या करता। परिजनों ने अज्ञात लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि राम मूरत की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले की जांच जारी है।

## भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व मे किया स्नान




शकुन टाइम्स संवाददाता

**कानपुर।** भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व के शुभ अवसर पर एवं तीरथराज प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के अंतिम पावन दिवस पर वरिष्ठजनों संग संगम में आस्था और श्रद्धा के साथ पुण्य स्नान किया। इस दिव्य अवसर पर भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने और मोक्ष की कामना के साथ पवित्र जल में डुबकी लगाई, जिससे आत्मा को शुद्धि और आध्यात्मिक शांति प्राप्त हो सके एवं ईष्ट मित्र व सहयोगियों के लिए मंगल कामना की । इस अवसर पर प्रमुख रूप से तरुण खन्ना, महेन्द्र पांडेय , कमल तिवारी , अजय भदौरिया , बी के विश्वकर्मा , सुरेश गुप्ता , दिनेश सिंह , अरविंद रावत , टीकम सिंह , आकाश , अंकित , नितिन, अरविंद मौजूद रहे।

# हत्या के मामले मे फरार अभियुक्त चन्द्रमोहन सिंह गिरफ्तार

### कब्जे से हत्या में प्रयुक्त दो नाली बन्दूक व जिन्दा कारतूस बरामद

शकुन टाइम्स संवाददाता



**वाराणसी।** थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत मुखबिर की सूचना पर धारा 103(1) बी0एन0एस0 व बढ़ोत्तरी धारा 30 शस्त्र अधि0 से सम्बन्धित फरार/वांछित अभियुक्त चन्द्रमोहन सिंह पुत्र स्व0 श्याममोहन सिंह निवासी ग्राम हुसेनपुर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ हाल पता विजय राज यादव के मकान में किरायेदार चांदपुर पंचायत भवन के पास थाना मण्डुवाडीह को विजय राज यादव के घर के सामने चांदपुर से गिरफ्तार किया ।अभियुक्त के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त दो नाली बन्दूक 12 बोर मय 2 जिन्दा कारतूस बरामद हुआ ।पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि मैं पंचायत भवन चांदपुर के पास विजय के मकान में अपनी पत्नी व पुत्र के साथ किरायेदार के तौर पर रहता हूँ ।दिनांक-26.02.2025 को मेरे और मेरी पत्नी के बीच सुबह से ही अपने शाले की सगाई में जाने को लेकर विवाद हो रहा था तब मेरा बेटा भी घर पर ही मौजूद था जिसने हम दोनों को समझाने बुझाने का प्रयास किया तो मामला थोड़ा शांत हो गया और इसके बाद मेरा लड़का अपने निजी काम से कही चला गया,जिसके जाने के कुछ समय पश्चात हम दोनों पति-पत्नी के बीच फिर से शाले के शादी में जाने की बात को लेकर बहसबाजी व विवाद बहुत बढ़ गया और मुझे काफी गुस्सा आ गया तब मैनें अपनी पत्नी को बार-बार मना किया लेकिन वह नहीं मानी और फिर मैंने गुस्से में अपने घर में पड़ी लाइसेंसी दो नाली बन्दूक में दो कारतूस भरकर अपनी पत्नी पर निशाना ताना और बोला की अब चुप हो जाओ नहीं तो गोली मार दूंगा लेकिन मेरी पत्नी चुप नहीं हुई और तब मैंने निशाना साधते हुये अपनी बन्दूक से उसे दो गोली मार दिया। गोली लगते ही मेरी पत्नी गिर पड़ी,तब तक गोली चलने की आवाज सुनकर आस-पड़ोस के लोग आ गये और तब खुद को पकड़े जाने से बचाने के लिये लोगों पर बन्दूक तानते हुये मैं मौके से भाग गया ।पुलिस से लुकते-छिपाते हुये अपने किराये के घर पर रखे हुये पैसा लेने आया हुआ था ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस प्रभारी निरीक्षक भरत उपाध्याय थाना मण्डुवाडीह,उ0नि0 सत्यप्रकाश यादव,उ0नि0 अभयनाथ तिवारी,हे0का0 शक्ति सिंह,का0 सूर्यभान सिंह,का0 अमित कुमार तिवारी,का0 जावेद,का0 अभ्युदय सिंह,का0 अविनाश यादव टीम रही।

### चोरी के आभूषण,नगदी व फोन चोरी करने वाली दो अभियुक्ता गिरफ्तार



**वाराणसी।** प्रभारी निरीक्षक थाना चेतगंज के कुशल निर्देशन में थाना चेतगंज पुलिस द्वारा चोरी के मुकदमे में वांछित दो अभियुक्ता को गिरफ्तार कर चोरी के आभूषण बरामद करते हुए पूछताछ की गई तो बताई कि मेरी मां अभिनव सिंह पुत्र अरविन्द कुमार सिंह निवासी सी 27/273ए दास नगर कालोनी थाना चेतगंज के यहां पिछले दस वर्ष झाड़ू पोछा बर्तन धुलने का काम करती थी ।तो मैं भी पिछले दो साल से अपनी मां के साथ उनके घर झाड़ू पोछा बर्तन करने जाने लगी ।काम करने के दौरान मुझे अगस्त 2024 में अभिनव सिंह की माता को अपने कमरे में अपने गोदरेज की अलमारी की चाभी अपने तकिये के नीचे रखते हुए मैने देखा था यह देखकर मेरे मन लालच उत्पन्न हो गया तो मैने मौका पाकर उनकी तकिया के नीचे से चाभी निकालकर अलमारी से पैसे धीरे -धीरे चुराना शुरु कर दिया और चाभी वहीं तकिये के नीचे वापस रख देती थी और उनको इस बात की जरा सी भी भनक नहीं लगती थी ।यह देखकर कि चोरी की जानकारी किसी को नहीं हो रही है इस सब से मेरा हौसला बढ़ता गया और फिर मैने इसी तरह से अलमारी के लॉकर में रखे हुए गहने भी धीरे-धीरे करके चुराने शुरु कर दिये और उन चुराये हुए गहनों को अपनी चचेरी बड़ी बहन को दे देती थी ।जो बेचकर मुझे भी पैसे देती थी और खुद भी पैसे रखती थी।



# टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग रहेगा अग्रणी : बीएसए

**150 रोगियों में वितरित हुआ पोषण की पोटली।**

शकुन टाइम्स संवाददाता




**कुशीनगर।** जिले के ब्लॉक संसाधन केंद्र कसया एवं फाजिलनगर के परिसर में गुरुवार को 75-75 कुल 150 टीबी रोगियों को बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों द्वारा प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली वितरित किया गया। अब तक एक दिन में सर्वाधिक टीबी रोगियों को गोद दिलाने का रिकार्ड भी कायम हो गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य ने कहा कि जनपद को टीबी मुक्त बनाने के लिये आमजन का सहयोग जरूरी है।उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग अग्रणी भूमिका में रहेगा। सभी को क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग करने की जरूरत है। सामूहिक प्रयास से ही टीबी रोग को समाप्त कर सकते है। विशिष्ट अतिथि के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया के एमोटीसी डॉ मुकेश यादव ने कहा कि टीबी रोगी दवा के साथ पौष्टिक आहार लेने से मरीज शीघ्र स्वस्थ हो रहे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी विजयपाल नारायण त्रिपाठी ने कहा कि हम सभी के भागीदारी से ही जनपद टीबी मुक्त हो सकता है। उन्होंने ने कहा कि शिक्षक गण शिक्षण कार्य के साथ सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी भूमिका में रहते है। संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र तथा शिक्षक तामेश्वर पाठक ने किया। अतिथियों का स्वागत ने किया शिक्षक नेता राजेश शुक्ला ने किया तथा आभार ज्ञापन भगवन्त कुमार सिंह ने किया। इस दौरान एसटीएस शाहिद अंसारी, आदित्य तिवारी, शिक्षक छेदी प्रसाद, वाहिद अली, ध्रुव नारायण सिंह, अविनाश शुक्ला, विद्यासागर पांडेय, कलमदानी सिंह, जैनुल आब्दीन अंसारी, अरुण कुमार वर्मा, मनोज कुमार सिंह, शैलेश कुमार,दयाशंकर सिंह, रामेश्वर सिंह, संजू सिंह, प्रतिमा सिंह, रणजीत सिंह, राकेश सिंह, उर्मिला उपाध्याय, पुष्पा सिंह, सुभाष वर्मा, अशोक प्रताप सिंह, सरिता, अनीता साहनी, अजय कुमार जायसवाल, अशोक कुमार, सुशील शर्मा, राजकिशोर सिंह, मणि प्रभा, राजेश प्रजापति उपस्थित रहे।

# बाइक सवार पर तेंदुआ ने किया हमला, घायल

शकुन टाइम्स संवाददाता



**बलरामपुर।** सोहेलवा जंगल के सीमावर्ती गावों में तेंदुए का तांडव थम नहीं रहा है। लालनगर सिपहिया और देवनगर गांव में भी तेंदुए की दस्तक से लोग सहमे हैं। अब बैरिहवा गांव में भी तेंदुए ने एक युवक पर हमला कर दिया। वन विभाग की टीम क्षेत्र में सक्रिय हो गई है, तेंदुए की निगरानी बढ़ाने के साथ ही ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

बाइक सवार बनकटवा रेंज के ग्राम बैरिहवा निवासी अंकित कुमार तिवारी पर तेंदुए ने मंगलवार की रात करीब नौ बजे हमला कर घायल कर दिया। बनकटवा रेंज के सकरी गांव के पास यह हादसा हुआ। अंकित का सीएचसी शिवपुरा में इलाज कराया जा रहा है। अंकित ने बताया कि बाइक से मंगलवार रात करीब नौ बजे शिवपुरा बाजार से घर जा रहे थे। सकरी गांव स्थित ईंट-भट्ठा के पास बैठे तेंदुए ने छलांग लगाकर पीठ पर हमला कर दिया। तेंदुए के हमले में वह बाइक लेकर गिर गए। बाइक सवार के गिरने से तेंदुआ भागकर झाड़ी में चला गया। अंकित के पीठ पर तेंदुए के पंजे के निशान बन गए हैं।एसडीओ एमबी सिंह ने बताया कि मौके पर रेंजर शत्रोहन लाल के नेतृत्व में टीम भेजी जा रही है। घायल अंकित का इलाज कराने का निर्देश रेंजर को दिया गया है। जंगल से आसपास बसे गांवों के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## संक्षिप्त सामाचार

### तेज रफ्तार वाइक ने मारी टक्कर दो घायल

**श्रावस्ती।** ड्यूटी पर जा रहे होमगार्ड को अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इससे दोनों लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सिरसिया थाने के चतुरी निवासी रामसमुझ (55) होमगार्ड है। बुधवार को सुबह राम समुझ बाइक से ड्यूटी पर जा रहे थे। इसी थाने के बिल्ली विशंभरपुर गांव के पास पहुंचे तो सामने से अनियंत्रित गति से आ रहे बाइक सवार ने होमगार्ड की बाइक में टक्कर मार दी। इससे दोनों बाइक सवार गिर कर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों बाइक सवारों को उठा कर एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। जिसमें दूसरे बाइक सवार की पहचान अली मोहम्मद 28 के रूप में हुई है। संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा में दोनों का इलाज चल रहा है।

### त्रिवेणी चीनी मिल ने 12 फरवरी से 18 फरवरी तक के गन्ना मूल्य का किया भुगतान

**कुशीनगर।** त्रिवेणी चीनी मिल रामकोला ने जनपद में गन्ना मूल्य भुगतान में अपनी प्रतिबद्धता को बरकरार रखा है। मिल ने वर्तमान पेराई सत्र के दौरान 12 फरवरी से 18 फरवरी तक खरीदे गए गन्ने का 14 करोड़ 31 लाख रुपये का भुगतान किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित कर दिया है। इस संबंध में प्रधान प्रबंधक यशराज सिंह ने जानकारी दी। प्रधान प्रबंधक ने कहा कि किसानों का हित मिल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे ताजा, साफ-सुथरा गन्ना ही मिल को आपूर्ति करें, जिससे उनकी गन्ना आपूर्ति की गुणवत्ता बनी रहे और भविष्य में बेसिक कोटा बढ़ने का लाभ मिल सके। वसंत कालीन गन्ने की बुआई पर विशेष जोर देते हुए मिल प्रबंधन ने आगामी वसंत कालीन गन्ना बुआई को ध्यान में रखते हुए किसानों से गन्ने की उच्च गुणवत्ता वाली किस्मों सीओ-118, सीओ 15023, सीओएलके 14201, सीओएलके 94184 प्रजातियों की बुआई की अपील की। इसके अतिरिक्त, गन्ने की फसल को रोगों से बचाने और उत्पादन बढ़ाने के लिए अनुदान पर उपलब्ध ट्राइकोडर्मा का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर कारखाना प्रबंधक मानवेंद्र राय भी उपस्थित रहे।

### बाइक मैकेनिक समेत दो की मौत अलग अलग घटनाओं में चार हुए घायल

**बहराइच।** जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में सड़क हादसे हो गए। जिसमें बाइक मैकेनिक समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि महिला समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतकों के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली नानपारा अंतर्गत मोहल्ला बावर्ची टोला निवासी फिरोज (35) पुत्र अरमान का मटेरा में बाइक मैकेनिक की दुकान है। प्रतिदिन की तरह बुधवार रात आठ बजे दुकान बंद कर वह बाइक से अपने घर जा रहा था। घर जाते समय नानपारा चीनी मिल के निकट फुलवरिया गांव के पास गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे फिरोज गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सीएचसी नानपारा में भर्ती कराया गया। यहां इलाज दौरान सीएचसी में मौत हो गई। उधर कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के जयसिंहपुरवा के मौजा महेरी निवासी पराग सिंह (40) पुत्र संतराम निजी कार्य से जरवल रोड थाना क्षेत्र में गए थे। वापस आते समय दो पहिया वाहन को कटी के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई।

# जिला रजक धोबी समाज के अध्यक्ष बने दिवाकर चौधरी



शकुन टाइम्स संवाददाता

**गोरखपुर।** रंजीत अखाड़ा तुर्कमानपुर में जिला रजत धोबी समाज की बैठक संरक्षक दिलीप कुमार कनौजिया के देखरेख में संपन्न हुई। जहां सर्वसम्मति से दिवाकर कुमार चौधरी को जिला अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष चुने जाने के बाद उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा ।समाज हित और संगठन के दायित्वो का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करूंगा। इस दौरान विजय चौधरी, पप्पू चौधरी, राजेंद्र चौधरी, पप्पू लाल चौधरी, जंग बहादुर,मोतीचंद, लोचन प्रसाद, गिरीश कनौजिया, गुड्डू कनौजिया ,बबलू कनौजिया, भूरे कनौजिया, राजन कनौजिया समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# जिला जेल शुरू, 20 सिद्धदोष बंदी स्थानांतरित, 502 बंदियों को रखने की है क्षमता

शकुन टाइम्स संवाददाता




**श्रावस्ती।** लंबे इंतजार के बाद महाशिवरात्रि पर्व पर बुधवार को श्रावस्ती जिला जेल का संचालन शुरू हो गया। इसमें पहले दिन 20 सिद्धदोष बंदियों को शिफ्ट किया गया। बीते दिनों को संचालन के लिए शासन की तरफ से आदेश आया था। आधुनिक सुविधाओं से युक्त न ई जिला जेल में लगभग 502 बंदियों को रखने की क्षमता है। इसके संचालन से बहराइच जिला कारागार में अतिरिक्त बंदियों का बोझ कम हो जाएगा।

बुधवार को श्रावस्ती नवनिर्मित जिला कारागार का संचालन के लिए प्रशासन ने शिक्षा अध्यापक पंकज कुमार पांडेय द्वारा कलश पूजन एवं गौरी गणेश पूजन करने के बाद विधिवत शुरू किया गया। इस दौरान जिला कारागार बहराइच में निरुद्ध 20 दोष सिद्ध बंदियों को तलाशी के बाद श्रावस्ती जेल में शिफ्ट किया गया। इस दौरान प्रभारी कारागार निरीक्षक सुरेश बहादुर सिंह ,उप कारागार रामेश्वर दयाल एवं अन्य कर्मी मौजूद रहे ।इन दोष सिद्ध बंदियों के पत्रावली, वारंट, अन्य आवश्यक संसाधन, पुलिस अभिरक्षा में यहां स्थानांतरित किया गया है। बता दें कि भारत-नेपाल सीमा से लगे बहराइच जिले की इकौना व भिनगा तहसीलों को अलग कर तत्कालीन मायावती सरकार ने वर्ष 1997 में श्रावस्ती जिले का गठन किया था।वहीं बहराइच से श्रावस्ती को अलग करने के बाद वर्ष 2013-14 में जिला कारागार निर्माण को मंजूरी मिली थी। भिनगा-इकौना मार्ग पर राजापुर व गोड़पुरवा गांव के बीच 57 एकड़ अधिग्रहीत भूमि पर जिला कारागार निर्माण के लिए 61 करोड़ 58 लाख रुपये का बजट निर्धारित किया गया था। शासन ने राजकीय निर्माण निगम को कार्यदाई संस्था नामित किया। जेल निर्माण अवधि भी दिसंबर 2017 निर्धारित की गई थी, लेकिन बजट की कमी बताकर संस्था ने हाथ खड़े कर लिए। संस्था ने 40 करोड़ रुपये का रिवाइज प्रस्ताव शासन को भेजा। शुरुआत में शासन ने रिवाइज बजट के प्रस्ताव पर रोक लगा दिया।इसी दौरान कोरोना काल के समय भी जिला जेल का निर्माण कार्य ठप रहा।इस तरह से लगभग आठ साल बाद श्रावस्ती जेल का निर्माण कार्य पूरा हुआ है। श्रावस्ती जिला जेल में हाईसिक्योरिटी बैरक और आठ बंदियों की क्षमता वाला अंडासेल भी बनाया गया है।

# कटान रोकने के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, डीएम को दिया ज्ञापन

शकुन टाइम्स संवाददाता




**बहराइच।** महसी तहसील क्षेत्र के कटान और बाढ़ प्रभावित गांवों के लोग मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। सभी ने प्रदर्शन कर कटान रोकने के लिए स्टड और स्पर का निर्माण करवाने की मांग की। सभी का कहना है कि प्रस्ताव के बाद भी किसी कारणवश स्पर और स्टड का निर्माण शुरू नहीं हो सका है। जिसके चलते प्रतिवर्ष लोगों को काफी नुकसान हो रहा है।

महसी तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत टिकुरी के सैकड़ों ग्रामीण मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। सभी ने जिलाधिकारी कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि उनका गांव घाघरा नदी के कटान से प्रभावित है। प्रतिवर्ष बाढ़ में खेती योग्य जमीन समाने के साथ मकानों को भी आगोश में ले लेती है। ऐसे में पिपरा, कायमपुर की तर्ज पर किसान गंज चौराहे के पास स्टड और स्पर का निर्माण करवाया जाए।

जिससे बाढ़ और कटान पर अंकुश लग सके।प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि प्रस्ताव बनने और मंजूरी मिलने के बाद भी अभी तक न निर्माण शुरू हुआ है और न ही टेंडर। जिसके चलते गांव के लोगों को बाढ़ के दौरान काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जमीन नदी में कटकर समाहित हो रही है तो खेती भी प्रभावित है। इस दौरान अखिलेश अवस्थी, मनोज अवस्थी, महेंद्र, नन्दलाल पांडेय, अजय कुमार, राम आधार, सौरभ, राम नरेश, विक्रम त्रिवेदी, श्रीराम भास्कर समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पंचायत सहायक ने किसान सम्मान निधि के मांगे घूस, आक्रोश

शकुन टाइम्स संवाददाता

**श्रावस्ती।** एक किसान से पंचायत सहायक ने किसान सम्मान निधि दिलाने के नाम पर आधे पैसे की मांग की। पैसे न देने पर गला दबा कर मारने का प्रयास किया। पिता के अपमान से दुखी किसान पुत्र ने आत्महत्या का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीणों ने बचा लिया। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लक्ष्मनपुर कोठी निवासी किसान अमरजीत के बैंक खाते में सोमवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किस्त आई थी। मंगलवार को जब अमरजीत बैंक से पैसे निकाल कर घर लाए, तो उसी गांव का पंचायत सहायक किसान अमरजीत के पास पहुंचा और कहा कि किसान सम्मान निधि मैने दिलाई है। आधे पैसे मुझे दीजिए। इस पर किसान ने मना कर दिया तो पंचायत सहायक किसान ने मारपीट पर आमादा हो गया। इसी दौरान किसान के बेटे रक्षा राम को जब इस घटना की जानकारी मिली तो वह भी मौके पर पहुंच गया। उसने देखा कि पंचायत सहायक उसके पिता को गला दबाकर धमका रहा है और गाली गलौज दे रहा है। पंचायत सहायक के एक साथी ने रक्षा राम को जान से मारने की धमकी दी। इस बात से आहत होकर रक्षा राम ने गांव के पास स्थित एक नीम के पेड़ से फांसी लगाने का प्रयास किया। गनीमत रही कि आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने उसे देख लिया और तुरंत बचा लिया। जब ग्रामीणों ने आत्महत्या का कारण पूछा तो रक्षा राम ने बताया कि पंचायत सहायक ने पिता को जान से मारने का प्रयास किया है। इससे आहत होकर आत्महत्या करने जा रहा था। इस बारे में थानाध्यक्ष शैलकांत उपाध्याय ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। तहरीर मिलने में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# एफ.आर.सी.टी. भरोहिया ब्लॉक के अध्यक्ष बने संजन कुमार एवं उदय राज सिंह महामंत्री बने

शकुन टाइम्स संवाददाता

**गोरखपुर।** फास्ट रिलीफ चैरिटेबल ट्रस्ट (एफ.आर.सी.टी.) गोरखपुर जिले के भरोहिया ब्लॉक की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिला अध्यक्ष आदित्य भास्कर ने ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को मनोनीत किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि संजन कुमार को अध्यक्ष, उदयराज सिंह को महामंत्री एवं बृजभूषण राव को कोषाध्यक्ष, प्रेम नारायण गौड को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नीलू सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

संस्थापक महेंद्र वर्मा एवं सह संस्थापक सदस्य गणों ने कहा कि एफआरसीटी पारदर्शी व्यवस्था और सेवाभाव के लिए दृढ़संकल्पित है। प्रदेश कोर टीम सदस्य व गोरखपुर व बस्ती जिले के प्रभारी मो0 अयूब अंसारी ने कहा कि एफआरसीटी 22 फरवरी से पहले पंजीकृत सदस्यों के बालिका विवाह के लिए बालिका विवाह शगुन योजना के अंतर्गत अपने वैधानिक सदस्य की बिटिया विवाह हेतु 5 लाख रुपये तक का आर्थिक मदद कर पत्रों को लाभ पहुंचाया जाएगा।

♦ **एफआरसीटी सर्वजन के लिए बनाया गया एक स्वयं सहायता समूह है**

अध्यक्ष आदित्य भास्कर ने बताया कि एफआरसीटी सर्वजन के लिए बनाया गया एक स्वयं सहायता समूह है, जिसमें समस्त विभागों के सरकारी व संविदा कर्मचारी, प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारी, डॉक्टर, इंजीनियर, मीडियाकर्मी, एडवोकेट, व्यवसाई, मजदूर, किसान, गृहिणी, छात्र आदि जो उत्तर प्रदेश के स्थाई निवासी हो वो यहां कार्यरत हो सदस्य बन सकते हैं, जिन्हें पारदर्शी और प्रत्यक्ष रूप से आर्थिक लाभ पहुंचाया जाएगा ।

जिला महामंत्री मनीष यादव वं कोषाध्यक्ष अनुराग मणि त्रिपाठी ने बताया एफआरसीटी से जुड़े किसी सदस्य के निधन होने पर धरातलीय सत्यापन के पश्चात टीम के सभी वैधानिक सदस्यों द्वारा निर्धारित सहयोग धनराशि सीधे दिवंगत सदस्य के नॉमिनी के खाते में भेजकर पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए तक का आर्थिक मदद की जाएगी । जिला संगठन मंत्री यूसुफ रजा, जिला संयुक्त मंत्री डॉ0 जेपी0 मौर्या और उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि गंभीर रूप से बीमार या दुर्घटना में घायल सदस्य के इलाज में 5 से 10 लाख रुपए तक का आर्थिक मदद सीधे हॉस्पिटल में या पीड़ित के खाते में कराने का लक्ष्य है।

# डायट प्राचार्य ने संभाला बेसिक शिक्षा अधिकारी का प्रभार



शकुन टाइम्स संवाददाता

**महराजगंज।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महराजगंज श्रवण गुप्ता का जिला विद्यालय निरीक्षक पद पर प्रोन्नती होने के बाद यहाँ से ट्रांसफर हो गया। उसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षक महराजगंज को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का प्रभार मिला था। परन्तु कुछ दिन बाद शासन द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का प्रभार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान महराजगंज के प्राचार्य अभिजीत सिंह को पदभार देने का आदेश प्राप्त हुआ। जिसके क्रम में दिनांक 27 फरवरी को डायट प्राचार्य अभिजीत सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का पदभार ग्रहण किया।

# फर्जी हस्ताक्षर करने वाली सचिव पर मुकदमा दर्ज करवाने की किया मांग

**कुशीनगर।** जिले के विकास खण्ड-रामकोला के खण्ड विकास अधिकारी को राकेश कुमार श्रीवास्तव ने पत्र भेजकर सचिव ग्राम पंचायत लाला छपरा द्वारा मेरे हस्ताक्षर को स्वयं करके अथवा किसी और से कराकर राज्य सूचना आयोग के समक्ष सूचना प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में अवगत कराया है और मुकदमा दर्ज करवाने की मांग किया है। बताते चलें 30 जून 2023 को रामकोला विकास खण्ड के निवासी राकेश कुमार श्रीवास्तव ने तीन बिंदुओं पर खण्ड विकास अधिकारी रामकोला से सूचना मांगा गया था। परन्तु सूचना न मिलने के कारण राकेश कुमार श्रीवास्तव ने पहले प्रथम अपील किया फिर भी सूचना न मिलने से द्वितीय अपील राज्य सूचना आयोग लखनऊ में किया। राज्य सूचना आयोग में 4 तारीख तक सूचना नहीं मिला। जब ऐसा लगा कि अगली पेशी पर धारा 20(1) की कार्यवाही हो जाएगी।


# सीडीओ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक

शकुन टाइम्स संवाददाता



**बहराइच।** उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से मंगलवार को देर विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में जिला निर्यात समिति, एम.ओ.यू..क्रियान्वयन समिति एवं उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। एम.ओ.यू. क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 से अब तक जनपद बहराइच हेतु निवेशकों द्वारा कुल 229 एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित हुए हैं। जिनका निवेश मूल्य रू. 5181.22 करोड़ है। जिसके सापेक्ष इन्वेस्ट यू.पी. द्वारा निवेश सारथी पोर्टल पर रू. 2783.74 करोड़ लागत के 166 एम.ओ.यू. अपलोड किये गये थे, जिसका सत्यापन उद्यमी मित्र तथा जिलाधिकारी के स्तर से पूर्ण हो गया है जो ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी हेतु जनपद को आवंटित लक्ष्य रू. 2500.00 करोड का लगभग 111 प्रतिशत है। उन्होने बताया कि ग्राउण्ड बेक्रिंग सेरेमनी हेतु अब तक 118 इकाईयां क्रियाशील हो गयी है। अवशेष इकाईयों की स्थापना सम्बन्धी कार्यवाही प्रगति पर है।

निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों पर चर्चा के दौरान बताया गया कि 01 अप्रैल से 25 फरवरी 2025 तक 3309 आवेदन निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त हुए है जिसके सापेक्ष 2993 आवेदन स्वीकृत, 206 आवेदन पत्र निरस्त एवं 61 आवेदन पत्र अण्डर क्वेरी तथा 38 आवेदन पत्र समय अन्तर्गत लम्बित हैं। सीडीओ श्री चन्द्र ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि लम्बित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराएं साथ ही निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से अधिक से अधिक आवेदन कराएं। उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया गया कि एम.ओ.यू. के माध्यम से निवेश को बढ़ायें तथा सम्बन्धित विभागों के साथ समन्वय कर अवशेष को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार करें और जो एमओयू रेडी हैं उनका क्रियान्वयन शीघ्र कराया जाय। सीडीओ श्री चन्द्र समिति के सदस्यों, अधिकारियों, व्यापारियों एवं उद्यमियों से अपील की कि पीएम सूर्य घर योजना अन्तर्गत सोलर पैनल अवश्य लगवाये। उद्योग बन्धु अन्तर्गत ग्राइंडेड राइस व पोषक तत्वों के मिश्रण की प्रॉसेसिंग करके एफ.आर. फोर्टिफाइड राइस कर्नेल का निर्माण करने वाली नवीन इकाई मेसर्स श्याम जे.पी. शकुन्तला इंडस्ट्रीज, बहराइच को पूंजीगत अनुदान दिलाये जाने के सम्बन्ध में जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रकरण शासन स्तर पर विचाराधीन है। माह मार्च 2025 तक प्रकरण निस्तारित होने की सम्भावना है। इसी प्रकार बीपीसीएल द्वारा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन हेतु पाईपलाइन बिछाये जाने से सम्बन्धित प्रकरण में नगर निकाय को निर्देश दिया गया कि संस्था द्वारा आवश्यक प्रपत्र एवं वार्डवार ड्राइंग उपलब्ध कराने पर समय अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। उद्योग विभाग द्वारा संचालित स्वरोज़गार योजनाओं पर चर्चा के दौरान सीडीओ श्री चन्द्र ने लीड बैंक प्रबन्धक को निर्देश दिया कि बैंकों से समन्वय कर लम्बित पत्रावलियों का निस्तारण यथाशीघ्र सुनिश्चित कराया जाय ताकि आकांक्षी जनपद के युवकों को रोज़गार से जुड़ने का अवसर मिल सके। सीडीओ ने बैठक में मौजूद उद्यमियों एवं व्यापारियों से अपेक्षा की गई कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना अन्तर्गत अधिक से अधिक से युवाओं को स्वरोज़गार के लिए प्रेरित कर अधिकाधिक आवेदन कराएं। इस सम्बन्ध में बैकों को निर्देशित किया गया कि योजना अन्तर्गत प्राप्त आवेदन-पत्रों को समय से निस्तारित किया जाय। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, डीएफओ बहराइच अजीत प्रताप सिंह, सीवीओ डॉ राजेश उपाध्याय, एसडीएम सदर, जिला उद्यान अधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी, उद्यमी गौरी शंकर भानीरामका, कूलभूषण अरोड़ा, बृजमोहन मातनहेलिया, विजय केडिया सहित अन्य उद्यमी, व्यापारी व निर्यातक मौजूद रहे।



# निष्पक्ष जांच के साथ दोषियों पर होगी कार्यवाही: प्राचार्य

शकुन टाइम्स संवाददाता



**सकलडीहा/चंदौली।** सकलडीहा पीजी कॉलेज परिसर में 27 फरवरी2025 को प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने दिनांक 22 फरवरी एवं 25 फरवरी 2025 को महाविद्यालय परीक्षा केंद्र पर हुए बवाल को लेकर एक प्रेस वार्ता कि। प्राचार्य ने बताया कि विश्वविद्यालय महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा महाविद्यालय केंद्र पर परीक्षा केंद्र बनते हुए जनपद चंदौली के कुल आठ परीक्षा केन्द्रो का नोडल केंद्र एवं संकलन केंद्र बनाया गया है। गत दिनों सहायक केंद्र अध्यक्ष एवं अनुशासन समिति के समन्वयक प्रोफेसर उदय शंकर झा एवं आंतरिक उड़द कादल के रूटीन चेकिंग के दौरान कुछ परीक्षार्थियों द्वारा झड़प हुई। परीक्षार्थियों द्वारा अभद्रता के आरोप में उनके विरुद्ध प्राथमिक की भी दर्ज कराई गई। फरवरी2025 को एक छात्रा द्वारा दुर्व्यवहार का आरोप लगाया गया। इस प्रकरण का संज्ञान लेते हुए तत्काल महाविद्यालय स्तर पर जांच कमेटी गठित की गई है। कमेटी को निर्देशित किया गया है कि निष्पक्ष जांच करके रिपोर्ट दें जिससे महाविद्यालय में दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई किया जा सके। महाविद्यालय अपने गरिमा के अनुरूप विश्वविद्यालय पर नियमावली के अनुसार तथा शासन की मनसा को ध्यान में रखते हुए केंद्र पर शत प्रतिशत सुचिता पूर्ण माहोल में नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए कटिबध्द है। परीक्षार्थियों की उग्रता को देखते हुए प्राचार्य ने घटना को कुलपति के संज्ञान में लाते हुए केंद्र पर शांति व्यवस्था एवं नोडल केंद्र की अभिरक्षा हेतु पुलिस अधीक्षक जनपद चंदौली से पर्याप्त पुलिस बल की मांग की है। प्राचार्य ने बताया कि घटना की जांच के उपरांत दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही भी की जाएगी। वहीं केंद्र पर किसी भी कीमत पर नकल में छूट नहीं दी जा सकती।

## संस्कृत बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडियट की परीक्षा हुई आयोजित



शकुन टाइम्स संवाददाता

**चहनियाँ/चंदौली।** क्षेत्र के प्रभुपुर मे स्थित संपूर्णानंद संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे 27 फरवरी दिन बृहस्पतिवार को संस्कृत यूपी बोर्ड के प्रथम दिन की परीक्षा आयोजित की गयी। प्रथम पाली मे उत्तर मध्यमा कक्षा 10 के कुल 149 परीक्षार्थियों की परीक्षा होनी थी,जिसमे 128 परीक्षार्थी उपस्थित 21 अनुपस्थित रहे, वही पूर्व मध्यमा कक्षा 11 मे 172 परीक्षार्थियों की परीक्षा होनी थी जिसमे 132 परीक्षार्थी उपस्थित

40अनुपस्थित रहें। वही शाम को दूसरी पाली मे उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष कक्षा 12 मे कुल 88 परीक्षार्थियों की परीक्षा होनी थी जिसमे 82 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसकी जानकारी प्रधानाचार्य अजयश्याम त्रिपाठी ने दिया।

## संक्षिप्त सामाचार

### नोएडा में दो साल की बच्ची की दुर्लभ सर्जरी

**नोएडा।** के चाइल्ड पीजीआई में एक दुर्लभ सर्जरी कर जन्मजात बच्चे को नई जिंदगी दी गई। बच्चे के जन्म के समय ही उसकी आंत पेट के बाहर निकली हुई थी। इसे गैस्ट्रोकिसिस बीमारी कहा जाता है। डॉक्टरों ने इसका सफलता से इलाज किया। बच्ची अब पूरी तरह से स्वस्थ्य है और अपने परिवार के बीच है। पहली बार अस्पताल में इस तरह की कोई सर्जरी की गई।अस्पताल के डायरेक्टर प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह ने बताया कि चाइल्ड पीजीआई में करीब एक महीना पहले इस मरीज को भर्ती कराया गया था। मरीज के इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई है। बच्ची अब स्वस्थ है। डॉक्टरों ने बताया कि गैस्ट्रोकिसिस एक दुर्लभ जन्म दोष है। जिसमें जन्म के समय बच्ची की आंतें पेट के बाहर होती है। यह पेट की ऊपरी परत समय से बन्द न होने के कारण होती है। डॉ. एके सिंह ने बताया कि इस ऑपरेशन को हमारे अनुभवी और योग्य सर्जनों की टीम ने सफलतापूर्वक किया है। जिन्होंने अपनी मेहनत और समर्पण से इस बच्ची की जान बचाई है।बच्ची को जन्म के कुछ घंटों के भीतर ही अस्पताल में लाया गया था, जिसका वजन 2 किलोग्राम था। बच्ची को तुरंत ऑपरेशन किया गया।

### एक कंपनी के दो पक्षों में मारपीट कंपनी में डोर टू डोर उठाती है कूड़ा

**नोएडा।** में डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली कंपनी के दो मजदूर संगठनों के बीच विवाद हो गया। दोनों संगठनों के बीच बुधवार देररात जमकर मारपीट की गई। दोनों पक्षों की ओर से थाना फेज-1 पुलिस को शिकायत दी गई है। वहीं घायल लोगों का मेडिकल कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बता दे कंपनी प्राधिकरण से अनुबंधित है। सेक्टर 8 नोएडा में स्थित । ये कंपनी नोएडा में डोर टू डोर कूड़ा उठाने का कार्य करती है। इसमें दो मजदूर संगठन में विभिन्न मुद्दों पर कंपनी से आपसी विवाद चल रहा है। सैलरी और कार्य को लेकर दोनों संगठन के बीच आपस में मनमुटाव होता रहता है। इन दोनों संगठनों की कंपनी और प्राधिकरण से भी कई बार बातचीत हो चुकी है। बुधवार देर रात इसी कंपनी में रोहित ठाकुर पुत्र रामकेश निवासी ए-8 सेक्टर 5 में कार्य करता है। बुधवार देर रात रोहित एवं उसके अन्य साथी दूसरे पक्ष के ईश्वर वाल्मीकि नाम के व्यक्ति के यहां गए। वहां दोनों ने पहले बातचीत की। इसके बाद झगड़ा हो गया।

### पीड़ित ने पुलिस पर लगाए आरोप,मनमुताबिक तहरीर नहीं देने पर मारपीट, डीसीपी ने बताया कि आरोप निराधार

**नोएडा।** थाना क्षेत्र के सेक्टर 71 में दो पक्षों में मारपीट की शिकायत लेकर थाने पहुंचे पीड़ित ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए है। पीड़ित ने मनमुताबिक तहरीर नहीं देने पर थाने में बंद कर पीटने का आरोप लगाया है। माफी मांगने व सादे पेपर पर साइन कराने के बाद पीड़ित पक्ष को छोड़ना बताया है। इस मामले की पुलिस आयुक्त से शिकायत की है। सेंट्रल नोएडा पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोप निराधार हैं। पीड़ित द्वारा थाने मे हंगामा करने पर कार्रवाई करना बताया है। दिल्ली बदरपुर की सविता ने पुलिस आयुक्त को दिए शिकायत पत्र में बताया कि भतीजे की शादी में जाने के दौरान सेक्टर 71 के पेट्रोल पंप पर एक कार सवार युवक से विवाद हो गया था। युवक ने अपने साथियों को बुलाकर मारपीट की थी और पुलिस को डायल 112 पर सूचना देने पर आरोपित भाग गया था। धर्मेंद्र ने अपनी पत्नी के साथ फेज तीन थाने जाकर तहरीर दी थी। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने मारपीट की बजाय तोड़फोड़ की घटना में तहरीर देने को बोला। भाई सोनू के विरोध किया तो पुलिस कर्मियों ने उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि जानकारी होने पर थाने पहुंचे रिश्तेदारों और महिलाओं को भी थाने में नहीं जाने दिया गया।

## मंदिर में दर्शन के दौरान बाइक चोरी प्रभारी निरीक्षक ने दर्ज किया मुकदमा

शकुन टाइम्स संवाददाता

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र स्थित सेमई के पूरा गांव में बांडेश्वर महादेव के मंदिर में दर्शन पूजन करने गए रइयां गांव निवासी श्रद्धालु पवन यादव पुत्र राधेश्याम यादव की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। महाशिवरात्रि के महापर्व पर हर वर्ष शिव मंदिर के प्रांगण में लोकगीत संगीत का कार्यक्रम होता है और दूर दराज से श्रद्धालु दर्शन पूजन करने के लिए जाते हैं।वहीं रइयां के रहने वाले पवन यादव भी दर्शन पूजन करने मंदिर गए हुए थे।श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा मंदिर से लगभग साठ मीटर पहले ही वाहनों की पार्किंग स्थल पर वाहनों को रोक दिया जाता है। दर्शन करने के पश्चात उन्होंने वही हो रहे विरहा संगीत का आनंद लेने के बाद शाम करीब छः बजे घर को लौटने के लिए अपने मोटरसाइकिल लेने पार्किंग में पहुंचे तो मोटरसाइकिल वहां पर न पाकर सन्न रह गए। पवन ने आसपास के लोगों से बहुत पूछताछ की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। पीड़ित ने बलुआ थाने में पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी निरीक्षक डॉ आशीष मिश्रा ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार मंदिर में यह पहली चोरी की घटना है। इस वारदात से मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं में अपने वाहनों की सुरक्षा को लेकर चिंता का माहौल है।थाना प्रभारी ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गए हैं।

# गौरी शंकपुजारीव का हुआ श्रृंगार दूल्हे की तरह सजाया गया शिवलिंग

शकुन टाइम्स संवाददाता



**चहनिया।** क्षेत्र के बैराठ में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गौरी शंकर महादेव मंदिर में भव्य आयोजन किया गया। इस मंदिर को उज्जैन के महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग की तर्ज पर अद्भुत रूप से सजाया गया।मध्य रात्रि में आरती का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी पड़ी। भक्ति और आरती की अनूठी छटा इस विशेष आयोजन में मंदिर प्रांगण ढोल-नगाड़ों की गूंज से गूंजायमान हो उठा।आरती के समय पूरा वातावरण हर-हर महादेव के जयकारों से भर गया।आरती के दौरान शिवलिंग को दूल्हे की तरह विधिवत रूप से दिव्य श्रृंगार किया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना। भक्तों का उत्साह और बढ़ गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भजन-कीर्तन कर अद्भुत आध्यात्मिक माहौल बनाया।

**श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब**

महाशिवरात्रि के इस विशेष आयोजन में हजारों श्रद्धालु पहुंचे और भगवान शिव के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। भक्तों ने रुद्राभिषेक, दुग्धाभिषेक और विशेष अनुष्ठान में भाग लेकर महादेव की कृपा प्राप्त करने के लिए पूजा-अर्चना की।पूरा माहौल शिवमय हो गया और श्रद्धालुओं ने अपनी श्रद्धा और आस्था के साथ शिव आराधना की।मंदिर के पुजारी फलहारी बाबा शरदचंद यादव जितेंद्र यादव अभय यादव सबिंदर यादव राजेंद्र गिरी प्रदीप राय संतोष पांडेय रविशंकर यादव की ओर से श्रद्धालुओं के लिए विशेष रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप और भजन संध्या का आयोजन किया गया। वहीं आरती के बाद महाप्रसाद का वितरण हुआ, जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य अर्जित किया।

# स्वंयभू कालेश्वरनाथ मंदिर और मेला में दूसरे दिन उमड़ी भीड़

- शिवरात्री
- श्रद्धालुओ के हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान हुआ परिसर

शकुन टाइम्स संवाददाता



**सकलडीहा/चंदौली।** महाशिवरात्री के दूसरे दिन चतुर्भुजपुर स्थित स्वंयभू बाबा कालेश्वरनाथ मंदिर और संत डगरियाय सरकार के आश्रम में भक्तों की भीड़ उमड़ा रहा। वही मेला में खरीदारों की भीड़ भरा रहा। सुरक्षा को लेकर कोतवाली पुलिस पूरे दिन डटी रही। महाशिवरात्रि के अवसर पर चतुर्भुजपुर में तीन दिवसीय मेला का आयोजन होता है। इसके साथ ही शिवभक्त मंदिर और डंगरिया सरकार के आश्रम मे मत्था टेकते है। चतुर्भुजपुर स्थित कालेश्वरनाथ मंदिर क्षेत्र का प्राचीन मंदिर है। यही कारण है कि जनपद सहित आसपास के जिले और बिहार प्रान्त से बड़ी संख्या में लोग यहा ट्रेन और निजी वाहन से जलाभिषेक के लिए पहुचते है। दूसरे दिन भी मंदिर और मेला में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ा था। इस दौरान मेला के अवसर पर विभिन्न प्रकार की झांकी भी आयोजकों की ओर से निकाला गया था। इस मौके पर कोतवाल हरिनारायण पटेल,दरोगा राणा यादव,देव चौबे सहित अन्य पुलिस कर्मी और प्रधान मौजूद रहे।

## तनवीहुल गाफलिन फाउंडेशन की ओर से दर्जनों बच्चों में काफी व कलम वितरित किया गया



शकुन टाइम्स संवाददाता

**चन्दौली/तारा।** जीवनपुर ।क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय तारापुर में तनवीहुल गाफ़लिन फाउंडेश की ओर से दर्जनों बच्चों में कॉपी व कलम का वितरण किया गया ।तनवीहुल गाफ़लिन के सदर सोहेल खान ने कहा कि प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय में अधिकतर गरीब परिवार के ही बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए और इनका हौसला बढ़ाने के लिए हम लोगों द्वारा छोटा सा प्रयास किया जा रहा है ।शिक्षा हमारा अधिकार है ।शिक्षित समाज की कल्पना ही हमारी सोच है। शिक्षा ही ऐसा यंत्र है जो समाज में बदलाव लाने की क्षमता रखता है राज करना सिखाती है सोना चांदी सारे गहने चोरी हो सकती है। लेकिन शिक्षा ऐसी चीज है जो कभी कोई भी इसे कोई नहीं चुरा सकता। प्रतिभा हमेशा कामयाबी की रास्ता प्रशस्त करती है ।इसीलिए हमारा फाउंडेशन शिक्षा पर जोर देता है आने वाले समय में हम सभी विद्यालय पर शिक्षा का कार्यक्रम करेंगे।

इस मौके पर फाउंडेशन के सदस्य साबिर काश्मी,चित्रांश विश्वकर्मा, आशिफ, इकबाल,मोहित शर्मा, इस्तेखार अली, लालू प्रधान, इरशाद,विजय कुमार, दिलशाद आलम, सूरज सिंह मौजूद रहे।

# छात्राओं ने डोर टू डोर शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

शकुन टाइम्स संवाददाता



**सकलडीहा/चंदौली।** सकलडीहा पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। गुरूवार को छठवें दिन छात्रों की ओर से गोंद लिये गांवों में डोर टू डोर संपर्क करके ग्रामीण और महिलाओं को शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इस दौरान सामाजिक और आर्थिक सर्वेक्षण कर रिपोर्ट तैयार किया।

सकलडीहा पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा कि शिक्षा डिग्री ही नही समाज को सशक्त बनाने का मजबूत कड़ी है। शिक्षा से ही गांव और गिरॉव के लोग सबल हो सकते है। राष्ट्रीय सेवा योजना का कार्यक्रम डोर टू डोर लोगों को शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का पुनित पहल है। शिविर के छठवां दिन नागेपुर, टिमिलपुर, सकलडीहा बस्ती में सामाजिक -आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य स्वयं सेवकों द्वारा किया गया। घर -घर जाकर स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा और बुनियादी सुविधाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उसके बाद उसकी रिपोर्ट तैयार किया। द्वितीय सत्र में समाजशास्त्र के प्रोफेसर दयाशंकर सिंह यादव की ओर से सामाजिक कुरीतियों पर विचार रखा रखा गया। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ जितेंद्र यादव ने अतिथि का स्वागत किया। संचालन डॉ. श्यामलाल सिंह यादव ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ अनिल तिवारी ने किया।

## चंद्रशेखर आजाद का मनाया गया शहादत दिवस

शकुन टाइम्स संवाददाता



**चकिया/चंदौली।** वीरता और साहस के पर्याय अग्रणी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद पंडित चंद्रशेखर आजाद का शहादत दिवस मंगल पांडे अमृतसरोवर उसरी के शहीद उद्यान में उनके पोस्टर चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाया गया। पंडित चंद्रशेखर आजाद को याद करते हुए लोकतंत्र रक्षक सेनानी रामनिवास पांडे ने कहा कि वीरता और साहस के पर्याय पंडित चंद्रशेखर आजाद 200 सालों से गुलाम भारत को अंग्रेजों से आजाद कराया। आजाद बचपन से ही स्वतंत्रता संग्राम के प्रति उत्साह दिखाया और अंग्रेजों से भारत को स्वतंत्रता दिलाने के लिए गांधी जी के साथ मिलकर अंग्रेजों से लड़े वह कहते थे दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे हम आजाद हैं और आजाद ही रहेंगे। इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में मुखबिरी का शिकार होकर चंद्रशेखर आजाद अंग्रेजो के बीच फंस गए आखरी दम तक लड़े गोली खत्म होने के बाद आखिरी गोली से खुद को मारकर भारत माता को अपना बलिदान दे दिया। अब जरूरत इस बात की है कि हर भारतीयों को पंडित चंद्रशेखर आजाद से प्रेरणा लेकर अपने राष्ट्र के प्रति समर्पित होने की आवश्यकता है इस अवसर पर मुख्य रूप से लोकतंत्र सेनानी रामनिवास पांडे वीरेंद्र पांडे पवन पांडे सुनील पासवान अमरनाथ पांडे सोनू शर्मा लाल व्रत शर्मा राजेंद्र पासवान मिश्री राम दशरथ गुप्ता आल्हा गुप्ता टोनी पासवान बाजारू आदि लोग उपस्थित थे।

# जूनियर हाई स्कूल के प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

## विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा सबका मन

शकुन टाइम्स संवाददाता



**सिकन्दरपुर/बलिया।** शिक्षा क्षेत्र नवानगर के बीआरसी जूनियर हाईस्कूल के प्रांगण में गुरूवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा विभिन्न तरह के संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें एकांकी, लोकगीत व जागरूकता से संबंधित नुक्कड़ नाटक आदि शामिल रहा। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से की गई। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने मां शारदे के चरणों में अपनी वंदना प्रस्तुत की, जिसके बाद छात्र छात्राओं ने पीटी अभ्यास दिखाकर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। वहीं शिक्षा पर आधारित कई मंचन भी प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवम पाण्डेय प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पकवाइनार तथा विशिष्ट अतिथि अनूप कुमार त्रिपाठी खंड शिक्षा अधिकारी नवानगर व जितेंद्र सिंह जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ बलिया रहें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार की ओर से वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के लिए दी गई गाइड लाइन बहुत ही अच्छा प्रयास हैं, जिससे बच्चे अपने ही विद्यालयों से बोलना एवं मंच पर पहुंचना सीखेंगे। वही विशिष्ट अतिथि ने कहा कि आज अभिभावकों के लिए यह सुनहरा अवसर है कि वह स्वयं देख सके कि उनके बच्चे क्या और कैसे सीखा है। उन्होंने कहा कि आप अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजे। इस दौरान मुख्य रूप से राजेश पांडे महामंत्री, ज्ञानेन्द्र गुप्ता अध्यक्ष, सैफुद्दीन मंत्री ,सुशील कुमार अध्यक्ष, अनिल पांडे अध्यक्ष, टुनटुन प्रसाद अध्यक्ष, अमरनाथ यादव, अभिलाष चन्द्र मिश्र, सुनील मिश्रा, सुधीर मिश्रा, राम जी गुप्ता, अशोक यादव, समीम खान, इंदु देवी, साधना राय, शिवजी प्रसाद, बिजेंद्र यादव, अमित मिश्रा, अशोक कुमार, हरिशंकर, तन्मय अंसारी, आलोक कुमार, जितेंद्र यादव व भूपेंद्र यादव आदि मौजूद रहें।

## ओरवा मे अमिलाई माइनर पर बनी आधा-अधूरा पुलिया दुर्घटना को दे रही दावत, आएदिन गिरकर चोटिल हो रहे राहगीर



शकुन टाइम्स संवाददाता

**सकलडीहा/ चंदौली।** क्षेत्र के ओरवा गांव में अमिलाई माइनर पर ठेकेदार द्वारा आधा-अधूरी पुलिया निर्माण कर छोड़ दिए जाने से राहगीरो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वाहन इसमे फस जा रहे है। जबकि राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे है। इससे लोगो मे गहरी नाराजगी है। और जल्द पुलिया निर्माण की मांग किया है। ओरवा गांव के पास अमिलाई माइनर पर बनी पुलिया काफी दिनों से क्षतिग्रस्त हो गई थी। यह पुलिया खोनपुर वाया काधी से जाती है। इसपर दर्जनो गांवो के ग्रामीण सहित बाहरी लोगों का आवागमन करते है। ग्रामीणों की मांग पर कुछ माह पूर्व पुलिया का निर्माण शुरू हुआ। ग्रामीण भाईलाल,प्यारे, रमेश का आरोप है कि ठेकेदार पुलिया का आधा-अधूरा निर्माण कर छोड़ दिया गया। पुलिया का ढलान नही बनाया गया। जिससे दोनों ओर ठोकर बना हुआ है। जिसपर वाहन फस जा रहे है। वही राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे है। सबसे अधिक दिक्कत मरीज,बुजुर्ग, महिला और बच्चो को हो रही है। ग्रामीणो ने जल्द पुलिया की पूर्ण मरम्मत की मांग किया है। चेताया कि जल्द पुलिया का निर्माण नही हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# रेप के आरोपी कांग्रेस सांसद को नहीं मिली जमानत

## लखनऊ हाईकोर्ट से इनवेस्टिगेशन के लिए मांगा समय

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को आज भी जमानत नहीं मिल सकी है। कोर्ट में उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। विवेचनाधिकारी ने मामले की जांच पूरी करने के लिए 10 दिन का समय मांगा है। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 11 मार्च तय की है।विवेचनाधिकारी ने कोर्ट को बताया कि मामले में अभी कुछ महत्वपूर्ण जांच बाकी है। इसके लिए उन्हें 10 दिन का समय चाहिए। कोर्ट ने विवेचनाधिकारी की मांग को स्वीकार कर लिया है। कोर्ट ने कहा- जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती



राकेश राठौर न्यायिक हिरासत में रहेंगे। जमानत याचिका पर अंतिम निर्णय अगली सुनवाई पर होगा। जांच पूरी होने तक जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा जा रहा है।

दरअसल, राकेश राठौर सीतापुर से कांग्रेस पार्टी से सांसद हैं। उनके खिलाफ यौन शोषण का आरोप है। मामले में 24 फरवरी को न्यायाधीश राजेश सिंह चौहान की पीठ ने आज सुनवाई की तारीख तय की थी। राठौर ने जमानत याचिका के लिए चार अधिवक्ताओं को नियुक्त किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता प्रशांत शुक्ला के अनुसार, सुनवाई से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज हाईकोर्ट को भेजे जा चुके हैं। विवेचक ने भी जमानत पर अपनी टिप्पणी दाखिल कर दी है।15 जनवरी को सीतापुर में एक महिला नेता ने एसपी चक्रेश मिश्र से मुलाकात की। उन्हें शिकायत पत्र सौंपा। महिला नेता ने आरोप लगाया कि सांसद ने उससे राजनीतिक करियर बनाने और शादी का झांसा देकर 4 साल तक शारीरिक शोषण किया। महिला नेता ने जब शादी करने की बात कही तो सांसद ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने सांसद की कॉल रिकॉर्डिंग सहित कई इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य पुलिस को सौंपे। एसपी ने पीड़िता के आरोपों की 2 दिन जांच की।

# सीएमएस के डिवाइन एजूकेशन कॉन्फ्रेंस में पहुंचे डीएम

## स्टूडेंट्स के ऑलराउंड डेवलपमेंट पर दिया जोर

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** सीएमएस गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस में गुरुवार को 'एनुअल फंक्शन एवं डिवाइन एजूकेशन कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ। इसमें शिरकत करने लखनऊ डीएम विशाख जी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सीएमएस अपने स्टूडेंट्स को क्वालिटी एजुकेशन के साथ ऑल राउंड एजुकेशन प्रदान कर रहा, ये बेहद अच्छी पहल हैं। उन्होंने छात्रों से खुद के सामाजिक और आध्यात्मिक विकास भी फोकस करने की बात कही। इसके लिए उन्होंने अभिभावक और शिक्षकों को भी पहल करने पर जोर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल प्रार्थना, सर्व-धर्म प्रार्थना और विश्व एकता प्रार्थना से हुआ। इसके बाद सांग और डांस पर परफॉरमेंस हुआ। स्टूडेंट्स के कल्चरल परफॉरमेंस को देखकर लोग मंत्रमुग्ध नजर आए। फिर वर्ल्ड पार्लियामेन्ट की शानदार प्रस्तुति हुई। इसमें जीवन मूल्यों, विश्वव्यापी चिंतन, विश्व समाज की सेवा पर जोर देने की सहमति बनी। सीएमएस प्रबंधक प्रो.गीता गांधी किंगडन ने कहा कि सीएमएस में शिक्षा से सामाजिक परिवर्तन लाने पर फोकस किया जाता हैं। मकसद स्टूडेंट्स को टोटल क्वालिटी पर्सन बनाना होता हैं।

इस दौरान सीएमएस संस्थापक निदेशक डा.भारती गांधी ने कहा कि घर और स्कूल में नैतिक और आध्यात्मिक गुणों का माहौल बच्चों के ऑल राउंड डेवलपमेन्ट के लिए बेहद जरूरी हैं। सीएमएस गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस की प्रिंसिपल मंजीत बत्रा ने कहा कि शिक्षा एक लाइफलांग जर्नी हैं। हमारा यही प्रयास रहता हैं कि भावी पीढ़ी में ज्ञान, गुणवत्ता, दक्षता, विश्वव्यापी दृष्टिकोण और उनकी क्षमताओं का सही तरीके से विकास हो।

## संक्षिप्त सामाचार

### कंपनी कर्मचारियों ने बंथरा में चोरी करते 2 युवकों को रंगे हाथ दबोचो

**लखनऊ।** राजधानी में दो चोरों को रंगे हाथों चोरी करते पकड़ा गया। आरोपी बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात बंथरा इलाके में कानपुर एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट से लोहा चोरी कर रहे थे। तभी पीएनसी कंपनी के सुरक्षा कर्मियों ने उनको धरदबोचा। मौका पाकर दो अन्य चोर फरार हो गए। पकड़े गए चोरों की पहचान बंथरा के लोनहा निवासी सुमित पाल और आकाश के रूप में हुई है। फरार हुए चोरों के नाम मोहित और पवन बताए गए हैं। चोरों के पास से लोहा लदा डीसीएम वाहन भी बरामद किया गया है। पीएनसी कंपनी के सिक्योरिटी सुपरवाइजर सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि वे अपनी टीम के साथ निर्माणाधीन फ्लाईओवर की पेट्रोलिंग कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने चारों आरोपियों को एमएस प्लेट लोड करते देखा। सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो चोरों को पकड़ लिया। बाद में दोनों चोरों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। बंथरा पुलिस ने सिक्योरिटी सुपरवाइजर की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। चोरी का लोहा और डीसीएम वाहन पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

### झांसा देकर छात्रा से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** शादी का झांसा देकर छात्रा से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को चिनहट पुलिस ने कठौता झील के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अतीक बहराइच के मोतीपुर दौलतपुर का रहने वाला है। एसओ चिनहट भरत कुमार पाठक ने बताया कि 23 फरवरी को पीड़ित छात्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि आरोपी ने पहले प्रेम जाल में फंसाया। फिर शादी का झांसा देकर यौन शौषण करता रहा। कुछ दिन पहले पीड़िता ने शादी की बात की तो आरोपी मुकर गया। एसओ ने बताया कि आरोपी अतीक अहमद को बुधवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया।

### मचलती स्कूटी में लगी आग स्कूटी सवार ने कूदकर बचाई जान

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पॉलिटेक्निक चौराहे पर चलती स्कूटी में आग लग गई। धुआं उठता देख युवक स्कूटी छोड़कर कूद गया। देखते ही देखते आग विकराल हो गई। मौके से पहुंची फायर ब्रिगेड ने 20 मिनट में आग पर काबू पाया। घटना पॉलिटेक्निक चौराहे की है।

### मेट्रो स्टेशनों पर हम राही फाउंडेशन ने महिलाओं को अधिकारों को लेकर जागरूक किया

**लखनऊ।** लखनऊ के मेट्रो स्टेशनों पर राही फाउंडेशन के द्वारा महिलाओं को आत्मरक्षा और उनके अधिकारों के बारे में यात्रियों को जागरूक किया। तीन दिवसीय जागरूकता अभियान के पहले दिन भूतनाथ, लेखराज, आईटी और विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशनों पर लोगों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने बताया कि अगले दो दिनों तक अभियान हजरतगंज, हुसैनगंज, चारबाग, आलमबाग, सिंगार नगर और कृष्णा नगर मेट्रो स्टेशनों पर जारी रहेगा। मिशन कवच के साथ, हम राही फाउंडेशन उत्तर प्रदेश भर में 50,000 महिलाओं और बच्चों तक पहुंचने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर समिति की बैठक



शकुन टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम श्रीमती प्रेरणा शर्मा, एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर एनसीओआरडी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें आबकारी विभाग, एनसीबी, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, खाद्य सुरक्षा, औषधि विभाग, क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो आदि प्रमुख हैं। बैठक का मुख्य उद्देश्य नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार को रोकने के लिए विभागों के बीच समन्वय बढ़ाना और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना था। बैठक में विभागों द्वारा गत माह में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई और आगे की रणनीतियों पर चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की जनपद में संचालित दवाइयो की फैक्ट्री पर निरंतर निरीक्षण करते हुए अधिकारी दवाइयो में नशीले पदार्थ की मिलावट को रोकने हेतु जांच करते रहें। बैठक में अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार सहित सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुसलमान इस माह रमज़ानुल मुबारक को इबादत ही में गुज़ारें

**लखनऊ।** इमाम ईदगाह लखनऊ मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया लखनऊ ने रमज़ानुल मुबारक 1446-2025 के सिलसिले में निम्नलिखित एडवाइजरी जारी की है। इस्लाम मज़हब में रमज़ानुल मुबारक सबसे पवित्र महीना है इस लिए तमाम मुसलमान इस माह मुबारक को इबादत ही में गुज़ारें। रमज़ानुल मुबारक में सबसे अहम् इबादत रोज़ा है।रमज़ानुल मुबारक में पूरे महीने रोज़ा रखना हर आक़िल बालिग़ मुसलमान मर्द व औरत पर फर्ज़ है। रोज़ा इफ्तार सही वक्त पर ही करें। अगर रोज़ा वक़्त से पहले खोल लिया तो रोज़ा ख़राब हो जायेगा। अगर इफ़्तार करने में ज़्यादा देर की तो रोज़ा मकरूह हो जायेगा यानी सवाब कम हो जायेगा। हर हैसियत व्यक्ति इफ़्तार पार्टियों का एहतिमाम करे और उसमें गरीबों को भी शामिल किया जाये।हर मस्जिद में इफ़्तार का विशेष आयोजन किया जाये। इस मुबारक महीने में तरावीह जरूर पढ़ी जाये।

# महाकुंभ थानों में दर्ज केसों की तफ्तीश करेगी प्रयागराज पुलिस, ट्रांसफर होंगी फाइलें

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** महाकुंभ 45 दिन चला, जिसका समापन हो गया। तमाम उतार-चढ़ाव और करोड़ों श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का प्रतीक महाकुंभ में कई मामले भी दर्ज हुए। सोशल मीडिया पर फर्जी खबरें, वीडियो व फोटो खूब चर्चा में रही। कुंभ पुलिस ने सोशल मीडिया एकाउंट के खिलाफ137एफआईआर दर्ज की।

साइबर ठगी, चोरी, छिनैती, मारपीट उचक्कागीरी के मामले भी मेला के विभिन्न थानों में दर्ज किए गए हैं अब इन मामलों की आगे की जांच प्रयागराज कमिश्नरेट की पुलिस करेगी। डिजिटल महाकुंभ का नजारा देखने को मिला। मेला शुरू होने के पहले से ही सोशल मीडिया पर फोटो व वीडियो खूब वायरल हो रहा। कई फर्जी वीडियो व फोटो तक सामने आए। वहीं घाटों पर स्नान व कपड़े बदलती महिलाओं की




वीडियो तक सोशल मीडिया पर अपलोड करने का अपराध किया गया।

कुम्भ पुलिस के रिकॉर्ड की मानें तो 173 सोशल मीडिया एकाउंट के खिलाफमुकदमे दर्ज किए गए।इसमें एकमात्र बांदा निवासी एक आरोपी पकड़ा जा सका जिसे निजी मुचलके पर जमानत मिल गई। अहमदाबाद में क्राइम ब्रांच की टीम ने तीन आरोपियों को पकड़ा था। एक प्रयागराज व दो महाराष्ट्र के निवासी थे। अब कुंभ पुलिस मुकदमों की फाइल एकत्रित करने में जुटी है ताकि रवानगी से पहले सभी रिपोर्ट प्रयागराज कमिश्नरेट को सौंपी जा सके। देश-विदेश के वीडियो तक महाकुंभ से जुड़े सोशल मीडिया पर महाकुंभ को जोड़ते हुए पाकिस्तान, बांग्लादेश सहित देश विदेश के कई पुराने हादसों के वीडियो को फर्जी तरीके प्रसारित किया गया है। सबसे ज्यादा मौनी अमावस्या की भदगड़ के बाद उसे गलत तरीके से प्रसारित करने के मामले सामने आए। कुंभ पुलिस की मानें तो अब तक 12 प्रकरण सामने आ चुके हैं।डीआईजी कुम्भ वैभव कृष्ण के मुताबिक महाकुंभ का दुष्प्रचार करने, महिला श्रद्धालुओं के सम्मान के साथ खिलवाड़, साइबर अपराधी जैसे मामले में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। कुंभ पुलिस की रवानगी से पहले सभी फाइलों को प्रयागराज कमिश्नरेट को सौंप दिया जाएगा।

# भाजपा सरकार हटाए प्रीमियम टैक्स- बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई निवेश पर बोले अखिलेश

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति देने के लिए भाजपा नीत केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इस कदम से पूरा बीमा उद्योग खतरे में पड़ गया है। यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बीमा पॉलिसीधारकों के नाम संदेश में कहा, षिप्रय भारत के बीमाधारकों, बीमा जैसे संवेदनशील-संकटकालीन उपचार में 100 फीसदी विदेशी पूंजी निवेश को अनुमति देना क्या भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा 'बीमा क्षेत्र को ही जोखिम में डालना नहीं है? उन्होंने कहा कि कई बार विभिन्न कारणों से वैदेशिक संबंधों में उतार-चढ़ाव और खटास के दौर भी आते हैं। ऐसे में



कुछ भी व्यवधान आया तो विदेशी कंपनी की जिम्मेदारी और जवाबदेही कैसे सुनिश्चित की जाएगी? इस अनिश्चितता का बीमा कौन करेगा? यादव ने सवाल किया ''क्या अपने देश के बीमाधारकों के अधिकारों की 100 फीसदी गारंटी लेने के लिए भाजपा जैसी जुमला सरकार पर देशवासी भरोसा कर सकते हैं?ष् उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि इन नये प्रावधानों से विदेशी बीमा कंपनियों के हितों की तो 100 फीसदी सुरक्षा हो जाएगी लेकिन बीमा लेने वाले देशवासियों का क्या होगा ? उन्होंने कहा कि ये विदेशी कंपनियाँ जमा हुई बीमा राशि को देश में ही निवेश करती हैं फिर भी यह सवाल तो उठेगा ही कि क्या वे लाभ का आधा भी हमारे देश में लगाएंगी या पूरा ही अपने देश ले जाएंगी।''ये बातें साफहोनी चाहिए। इस मामले में जल्दबाजी अच्छी नहीं है। सपा प्रमुख ने कहा, भाजपा सरकार यह भी गारंटी दे कि वह विदेशी कंपनियों के लाभ में से चंदा वसूली कर, पीठ पीछे प्रीमियम बढ़ाकर जनता की जेब पर डाका नहीं डालेगी। अगर भाजपा को सच में जनता का खय़्याल है तो उन्होंने अपने शासन काल में बीमा प्रीमियम पर जो टैक्स थोप दिया है, उसे हटाए। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य और चिकित्सा सेवा का दायरा बढ़ाकर लोगों की जीवन प्रत्याशा बढ़ाने और उनको मेडिकल के खर्चों से बचाने की जिम्मेदारी सरकार की ही है, ऐसे में वह जीवन बीमा या स्वास्थ्य-चिकित्सा बीमा जैसे जनता से सीधे जुड़े क्षेत्रों पर टैक्स लेने का अधिकार नहीं रखती है। यादव ने कहा, भाजपा की सबसे बड़ी कमी यही है कि वह जनता को 'नागरिक नहीं, 'ग्राहक समझती है। भाजपा की सोच व्यावसायिक है, इसीलिए वह 'लाभ के बारे में सोचती है, जनकल्याण के बारे में नहीं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में 74 से 100 प्रतिशत तक की उल्लेखनीय वृद्धि की घोषणा की थी। इससे वैश्विक बीमा दिग्गजों के प्रवेश, पर्याप्त विदेशी निवेश और भारतीय बाजार में कड़ी प्रतिस्पर्धा का मार्ग प्रशस्त हुआ।

# 60 करोड़ की लागत से बनेगा 10 किलो मीटर लंबा नाला

## लखनऊ एयरपोर्ट से सई नदी तक सर्वे

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी में सरोजनी नगर औद्योगिक क्षेत्र की जल निकासी समस्या के समाधान की कार्रवाई शुरू हो गई है। गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने इलाके का निरीक्षण किया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि अमौसी एयरपोर्ट से सई नदी तक का निरीक्षण किया। नादरगंज औद्योगिक क्षेत्र और शांति नगर क्षेत्र के जल निकासी के लिए 6 किलोमीटर नाले की आवश्यकता है। कुल 10 किलोमीटर लंबे और 2.5 मीटर चौड़े नाले का निर्माण किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट में इंडस्ट्रियल वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और एसटीपी की लागत 25 करोड़ रुपए होगी। पूरी परियोजना की कुल लागत लगभग 60 करोड़ रुपए आएगी। एसोसिएशन के महासचिव रितेश श्रीवास्तव ने इस पहल का



स्वागत करते हुए कहा इससे क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। यह कार्रवाई 31 जनवरी 2025 को हुई उद्योग बंधु की बैठक में उठाई गई समस्याओं के बाद की गई। एनएचएआई द्वारा लखनऊ-कानपुर रोड पर बनाए जा रहे ड्रेन का लेवल औद्योगिक क्षेत्र के ड्रेन से ऊपर होने के कारण जल निकासी की समस्या बनी हुई है। निरीक्षण में उद्योग विभाग के डिप्टी कमिश्नर मनोज चौरसिया, नगर निगम, जल निगम, पीडब्ल्यूडी और यूपीएसआईडीए के अधिकारी शामिल रहे। सरोजनी नगर औद्योगिक क्षेत्र मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नीलमणि और महासचिव रितेश श्रीवास्तव भी मौजूद थे।

## सिरफिरे ने तंत्र मंत्र के चक्कर में पत्नी व बच्चों को बनाया बंधक

**आशियाना/ लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के आशियाना थाना क्षेत्र के रजनी खंड में एक सिरफिरे व्यक्ति ने घर में ही पत्नी व बच्चों को बंधक बनाकर हाई वोल्टेज ड्रामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जैसे तैसे सिरफिरे व्यक्ति को पकड़ा तब जाकर उसके पत्नी और बच्चों को छुड़ाया जा सका। पुलिस के मुताबिक तंत्र मंत्र के चक्कर में व्यक्ति सनकी हो गया है। पुलिस के रेस्क्यू के दौरान सैकड़ों लोग एकत्रित हो गये। आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि सचिवालय में लाइनमैन के पद पर तैनात रामसागर यादव का रजनी खंड में तीन मंजिल का मकान है। बुधवार दोपहर शिवरात्रि के दिन उसने अपनी पत्नी रामकली यादव, शादी शुदा बेटी डिंपल यादव और छोटू यादव एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद उसने घर के मुख्य द्वारा में अंदर से ताला लगा लिया और लकड़ियों से तंत्र मंत्र के हवन करने लगा।

## महिला जज को अश्लील मैसेज भेजने वाले वकील को 3 साल की सजा

**लखनऊ।** महिला सिविल जज को फेसबुक और मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजने के आरोपी वकील अभय प्रताप को साक्ष्यों के आधार पर विशेष सीजेएम कुंवर मित्रेश सिंह कुशवाहा ने दोषी करार दिया। दोषी को अदालत ने 3 वर्ष क़ैद की सजा और 61 हज़ार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। कोर्ट में अभियोजन अधिकारी मशींदर प्रसाद चौहान और अजय कुमार यादव ने बताया कि पीड़िता 2019 से 2023 तक महाराजगंज जिले में अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन के पद पर तैनात थी। इस दौरान महाराजगंज में वकालत करने वाले वकील अभय प्रताप ने उनके फेसबुक और सीयूजी मोबाइल पर आपत्तिजनक और गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले मैसेज भेजे। आरोप है कि उसने सबसे पहले 29 सितम्बर 2021 की रात अपने फेसबुक अकाउंट से पीड़िता के अकाउंट पर मैसेज भेजा था।

## रोड एक्सीडेंट में महिला की मौत अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ गोमती नगर इलाके में अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत हो गई। महिला अपने बेटे के साथ अस्पताल में एडमिट बहू के लिए खाना लेकर जा रही थी। हुसड़िया चौराहे के पास शहीद पर तेज रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी। महिला को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जुग्गौर बीबीडी निवासी पंकज साहू पेशे से एडवोकेट हैं।

उन्होंने बताया कि बुधवार रात करीब 11 बजे मां शिव देवी साहू छोटे भाई पवन के साथ राम मनोहर लोहिया के मातृ एवं शिशु संस्थान जा रही थी। शहीद पथ चढ़कर हुसड़िया चौराहे के पास पहुंची थी तभी बाइक में पीछे से तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी और वाहन चालक फरार हो गया। वहां से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके से पहुंची




ने भाई व मां को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों मां को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। इंस्पेक्टर गोमती नगर का कहना है कि अभी कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पंकज ने बताया कि उनकी मंगलवार को बेटी का जन्म हुआ है। पत्नी की देखरेख के लिए मां अस्पताल में ही रुकती थी। बुधवार को पूजा-पाठ व खाने की वजह से घर से निकलने में देर हो गई। इसके बाद खाना लेकर अस्पताल जा रही थी। तभी हादसे का शिकार हो गई। बेटी के जन्म से मां बहुत खुश थी।

# यातायात नियमों का पालन न करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों का कटेगा चालानः डीएम

शकुन टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में डीएम हापुड़ की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी, जिसमें कुंवर ज्ञानन्जेय सिंह पुलिस अधीक्षक ,संदीप कुमार अपर जिलाधिकारी, रमेश कुमार चौबे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), श्रीमती छवि सिंह चौहान सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), शैलेन्द्र सिंह अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, सुनील कुमार गुप्ता उप मुख्य चिकित्साधिकारी,शैलेन्द्र कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक , योगेश प्रतिनिधि बेसिक शिक्षा अधिकारी, सना आफरीन जिला गन्ना अधिकारी,अमित शर्मा प्रोजेक्ट डायरेक्टर एन0एच0ए0आई0



गाजियाबाद, जयवर्धन सिंह प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रबन्धंक (त0) एन0एच0ए0आई0 मुरादाबाद, श्री अमित प्रकाश प्रोजेक्ट डायरेक्टर एन0एच0ए0आई0 मेरठ, उपदेश कुमार यातायात निरीक्षक,मौ0 दानिश कुरैशी चेयरमैन,डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम वेलफेयर सोसायटी, प्रचार सहायक सूचना विभाग, जनपद के विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य / प्रबन्धक, विभिन्न स्कूलों के ट्रांसपोर्ट इंचार्ज, तथा सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे,सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) हापुड़ द्वारा बैठक एजेण्डा के अनुसार बिन्दुवार कार्यवाही प्रारम्भ की गयी जिसमें उपस्थित अधिकारियों, परिवहन व्यवसायी एवं सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत तथ्यों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान डीएम श्रीमती प्रेरणा शर्मा द्वारा अभियान चलाकर पेट्रोल पम्पों पर बिना हेलमेट लगाये दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल न देने के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही के निर्देश दिये गये। सरकारी कर्मचारियों को भी हेलमेट एवं सीटबेल्ट लगाये जाने के प्रति जागरूक करते हुए उल्लघंन करने वालों के प्रति कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

निजामपुर एवं ततारपुर ब्लैकस्पॉट पर जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियन्ता को साईनबोर्ड लगाये जाने के निर्देश दिये गये साथ ही दुर्घटना में कमी हेतु प्रभावी कार्यवाही के निर्देश भी दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा एन0एच0ए0आई0 को निर्देश दिये गये कि ततारपुर एवं निजामपुर बाईपास के पास एन0एच0 पर स्पीड डिटेक्टर लगाये जाये। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वारा दुर्घटना के आंकडे प्रस्तुत किये गये, पी0डब्लू0डी0 द्वारा ब्लैक स्पॉट पर की गयी सुधारात्मक कार्यवाही का विवरण प्रस्तुत किया गया। डीएम द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया गया कि विद्यालयों में आने वाले छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकों को सीटबेल्ट एवं हेलमेट लगाये जाने के प्रति जागरूक किया जाये, साथ ही परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा विद्यालयों में सीटबेल्ट एवं हेलमेट न लगाये जाने के विरूद्ध नियमित प्रवर्तन कार्यवाही की जाये।अन्त में रमेश कुमार चौबे, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) हापुड़ द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए, बैठक समाप्त की गयी ।

# सम्पादकीय

## भारतीय अर्थव्यवस्था पर मंडराता संकट- बढ़ता कर्ज, सरकारी संरक्षणवाद और पूंजीवादी मिलीभगत

भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय गहरे संकट में है। सरकार के नीति-निर्माण में असंतुलन, कर्ज का बढ़ता बोझ और सरकारी संरक्षित पूंजीवाद (क्रोनी कैपिटलिज्म) के कारण प्रतिस्पर्धा और आत्मनिर्भरता दोनों प्रभावित हो रहे हैं। 80 प्रतिशत से अधिक जीडीपी के बराबर कर्ज और नीति निर्माण में बड़े कॉरपोरेट समूहों की बढ़ती पकड़ ने देश की आर्थिक संप्रभुता को खतरे में डाल दिया है। सरकार एक ओर निजीकरण और विनिवेश के नाम पर सार्वजनिक संपत्तियों को बेचना चाहती है, जबकि दूसरी ओर कृषि जैसे बुनियादी क्षेत्रों को बड़े औद्योगिक घरानों के हवाले करने की कोशिश कर रही है। यह नीतियां न केवल आम जनता के लिए आर्थिक असुरक्षा पैदा कर रही हैं, बल्कि देश की प्रतिस्पर्धी क्षमता को भी कमजोर कर रही हैं। स्टेटिस्ता के अनुसार, भारत का राष्ट्रीय कर्ज 2020 में 88.43प्रतिशत जीडीपी तक पहुंच गया था, जो अब भी 80प्रतिशत से अधिक बना हुआ है। सरकार लगातार यह दावा कर रही है कि अर्थव्यवस्था सुधार की ओर बढ़ रही है, लेकिन वास्तविकता यह है कि सरकारी नीतियां कुछ विशेष औद्योगिक समूहों को फायदा पहुंचाने के लिए बनाई जा रही हैं, न कि आम जनता या लघु-मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के हित में। सरकारी बैंक और कंपनियां घाटे में बताकर बेची जा रही हैं, लेकिन उन्हें खरीदने वाले उद्योगपतियों को सस्ते ऋण और टैक्स में छूट दी जा रही है। रेलवे, तेल कंपनियां, टेलीकॉम और एयरपोर्ट जैसे बुनियादी ढांचे को कुछ खास समूहों के हाथों बेचा जा रहा है, जिससे बाजार में प्रतिस्पर्धा खत्म हो रही है। छोटे व्यापारियों और किसानों को बाजार के भरोसे छोड़ दिया गया, जबकि बड़े उद्योगपतियों को अरबों की टैक्स रियायतें दी जा रही हैं। सरकार बार-बार कहती है कि सार्वजनिक उपक्रम घाटे में हैं, लेकिन क्या सच में ऐसा है? भारत पेट्रोलियम, जीवन बीमा निगम, रेलवे, इस्पात प्राधिकरण और अन्य कंपनियों को या तो बेचा जा रहा है या उनके संसाधन निजी हाथों में दिये जा रहे हैं। सरकारी संपत्तियों की बिक्री से जो पैसा आ रहा है, वह मौजूदा कर्ज चुकाने में नहीं, बल्कि नए कॉर्पोरेट टैक्स छूट और सरकारी खर्च बढ़ाने में इस्तेमाल हो रहा है। बाजार में प्रतिस्पर्धा खत्म हो रही है, क्योंकि सरकारी संरक्षण प्राप्त निजी कंपनियां मनमाने दाम वसूल रही हैं।

सवाल वही है कि यह निजीकरण की नीति है या बस बड़े कॉरपोरेट समूहों को फायदा पहुंचाने का तरीका? तीन कृषि कानूनों को जबरदस्ती लागू करने की कोशिश सरकार की नवउदारवादी सोच और पूंजीपतियों की लॉबी का स्पष्ट प्रमाण थी। ये कानून किसान आंदोलन के दबाव में वापस लिए गए, लेकिन सरकार अब भी कृषि सेक्टर में बड़े उद्योगपतियों को प्रवेश दिलाने की कोशिश कर रही है। न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी नहीं दी जा रही, ताकि किसान मजबूरी में निजी कंपनियों को अपनी उपज बेचें। कृषि को ठेकेदारी खेती के हवाले करने की योजनाएं अब भी जारी हैं, जिससे छोटे किसान बिचौलियों और बड़ी कंपनियों पर निर्भर हो जाएंगे। सरकार ने स्नष्टद्ध का बजट लगातार घटाया है, जिससे सरकारी खरीद कमजोर हुई और किसान खुले बाजार में जाने को मजबूर हुए। खाद्य सुरक्षा पर खतरारू अगर कृषि उत्पादन पूरी तरह बाजार के हाथ में आ गया, तो खाद्य पदार्थों की कीमतें निजी कंपनियां तय करेंगी, जिससे गरीबों के लिए अनाज महंगा हो जाएगा। छोटे किसानों की बर्बादी भारत में 86प्रतिशत से अधिक किसान लघु या सीमांत श्रेणी के हैं। बड़े कॉरपोरेट के साथ प्रतिस्पर्धा में वे टिक नहीं पाएंगे। भूमि अधिग्रहण और विस्थापनरू कॉरपोरेट खेती के बढ़ने से गांवों में जमीनें उद्योगपतियों के हाथों में जाएंगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था खत्म हो जाएगी। अगर सरकार सच में किसानों का भला चाहती है, तो उसे- रूस्क्क की कानूनी गारंटी देनी होगी। स्नष्टद्ध को मजबूत करना होगा, ताकि सरकारी खरीद में कोई गिरावट न हो। कृषि आधारित छोटे उद्योगों को बढ़ावा देना होगा, जिससे किसान आत्मनिर्भर बनें। सच्चे प्रतिस्पर्धी बाजार का अर्थ है कि कोई भी नया व्यवसायी बिना किसी भेदभाव के बाजार में प्रवेश कर सके और उपभोक्ताओं को अधिक विकल्प मिले। लेकिन भारत में सरकार खुद ही कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों को बाजार पर कब्जा करने में मदद कर रही है। टेलीकॉम सेक्टर में सिर्फ दो-तीन कंपनियां ही बची हैं, क्योंकि अन्य कंपनियों को प्रतिस्पर्धा से बाहर कर दिया गया। एयरपोर्ट, हाईवे, रेलवे, बिजली उत्पादन और शिपिंग जैसे क्षेत्रों में एकाधिकार बनाने की कोशिश की जा रही है। बैंकों से कर्ज माफी और टैक्स छूट केवल कुछ बड़े व्यापारिक समूहों को दी जाती है, जबकि छोटे व्यापारियों को लोन भी नहीं मिलता। इसका खतरा क्या है? महंगाई बढ़ेगी, क्योंकि कम प्रतिस्पर्धा के कारण कंपनियां मनमाने दाम वसूलेंगी। नये कारोबार शुरू करना मुश्किल होगा, क्योंकि नये व्यवसायियों को बड़े कॉरपोरेट के साथ मुकाबला करना असंभव होगा। रोजगार कम होंगे, क्योंकि बड़े औद्योगिक समूह मशीनों और स्वचालन (ऑटोमेशन) पर निर्भर रहेंगे, जिससे नौकरियां घटेंगी। सरकार अगर सच में मुक्त बाजार और प्रतिस्पर्धा चाहती है, तो उसे छोटे और मध्यम व्यापारियों को भी समान अवसर देने होंगे। एकाधिकारवाद को खत्म करने के लिए नियम और कानून सख्त करने होंगे। सरकारी बैंकों को सिर्फ बड़े उद्योगपतियों के लिए इस्तेमाल करने की नीति बंद करनी होगी। भारत की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट में है, लेकिन इस संकट का कारण कोई प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि सरकारी नीतियां और कॉरपोरेट संरक्षणवाद है।

# केवल माया ही महाठगिनी नहीं है

**इन आंकड़ों को बताने का आधार क्या रहा, यह अबूझ पहेली है, क्योंकि जिस सरकार ने स्नान करने वालों की गिनती लगा ली, वो यह नहीं बता पाई कि कितनी बार भगदड़ मची और कितने लोग हताहत हुए। जो सरकारी आंकड़े आए हैं, वो भी ठगी की तरफही इशारा कर रहे हैं। बहरहाल, भाजपा को राज्य और केंद्र दोनों में इस महाकुंभ के आयोजन से भरपूर फायदा हुआ है, या आगे उसका चुनावी लाभ मिलेगा, इसमें कोई दो राय नहीं है। इस समय देश के माहौल में जिस तरह की धर्मांधता कायम हो चुकी है और उसमें उग्र राष्ट्रवाद का मिश्रण हुआ है, वह सामान्य लोगों को भयभीत कर चुका है। इस बात का एक भयावह उदाहरण महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले से सामने आया, जहां भारत-पाक मैच के दौरान एक व्यक्ति को एक घर से कथित तौर पर देशविरोधी नारे सुनाई दिए।**

सर्वमित्रा सुरजन

कबीरदास जी ने लिखा-माया महा ठगनी हम जानी,तिरगुन फांस लिए कर डोले बोले मधुरे बानी। अर्थात माया सबसे बड़ी ठगिनी है जिसके बारे में मैं जानता हूं, वह तीन गुणों से युक्त होकर आपको अपने हाथ में फंसाकर घूमती है और मधुरतम वचन बोलती है। संत कबीर ने सांसारिक मोह-माया, लोभ, क्रोध, ईर्ष्या जैसे दुर्गुणों से लोगों को आगाह किया है। सभी धर्मों में इसी तरह का ज्ञान मिलता है, जो इंसानों को पहले से खुद को बेहतर बनाने और अपने साथ-साथ समूचे जीव-जगत के कल्याण के लिए प्रेरित करता है। हिंदू धर्म में महाकुंभ जैसे आयोजन भी इसी मकसद से होते रहे कि व्यक्ति अपने कर्मों के पाप और पुण्य पर विचार करे। डुबकी लगाना केवल पानी में सिर डुबोना नहीं होता, अपने अहंकार को त्याग कर समूचे अस्तित्व को प्राणवायु के बिना दांव पर लगाकर विचार करना होता है कि क्या गलत किया, क्या सही किया और आखिर में जब तक जीवन बचे, तब तक किस तरह खुद का परिष्कार करके जीना है। डुबकी लगाकर बाहर निकलना, नए सिरे से जीवन को पाना है। अगर तमाम दुर्गुणों के साथ डुबकी लगाई और पानी से सिर बाहर निकलने के बाद भी उन्हीं बुराइयों में घिरे रहे तो फिर उसकी सार्थकता ही क्या रहेगी। 14 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में चले महाकुंभ पर विचार करें तो फिर कबीर ही याद आते हैं जिन्होंने माया को महाठगिनी बताया, लेकिन यहां तो आस्था की ठगी करने का ज्वार उमड़ा। सरकार पूरे आयोजन में हर दिन आंकड़े बताती रही कि आज इतने करोड़ लोगों ने स्नान किया, आज इतने करोड़ लोगों के आने का रिकार्ड टूटा।

इन आंकड़ों को बताने का आधार क्या रहा, यह अबूझ पहेली है, क्योंकि जिस सरकार ने स्नान करने वालों की गिनती लगा ली, वो यह नहीं बता पाई कि कितनी बार भगदड़ मची और कितने लोग हताहत हुए। जो सरकारी आंकड़े आए हैं, वो भी ठगी की तरफही इशारा कर रहे हैं। बहरहाल, भाजपा को राज्य और केंद्र दोनों में इस महाकुंभ के आयोजन से भरपूर फायदा हुआ है, या आगे उसका चुनावी लाभ मिलेगा, इसमें कोई दो राय नहीं है। इस समय देश के माहौल में जिस तरह की धर्मांधता कायम हो चुकी है और उसमें उग्र राष्ट्रवाद का मिश्रण हुआ है, वह सामान्य लोगों को भयभीत कर चुका है। इस बात का एक भयावह उदाहरण महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले से सामने आया, जहां भारत-पाक मैच के दौरान एक व्यक्ति को एक घर से कथित तौर पर देशविरोधी नारे सुनाई दिए। उसने संदेह जताया तो घर में रहने वालों और उसके बीच कहा-सुनी हुई, बात इतनी बिगड़ी कि पुलिस में मामला पहुंचा। अब उस घर में रहने वाले 15 साल के बच्चे को सुधारगृह भेज दिया गया है, और उसके मां-बाप को रविवार को गिरफ्तार कर दो धर्मों में वैमनस्य बढ़ाने, देश की एकता को खतरे में डालने जैसे आरोपों के तहत धाराएं लगाई गई हैं। उनकी कबाड़ की दुकान को निगम ने तोड़ दिया है और इस पूरे मामले पर महायुति के विधायक नीतेश राणे ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर बाकायदा बधाई भी दी है कि दुकान तोड़कर अच्छा किया। निर्वाचित जनप्रतिनिधि ही जब ऐसा आचरण करने लगें तो फिर उनके अनुयायी भला क्यों पीछे रहेंगे। अभी आरोप सिद्ध नहीं हुए, पता नहीं चला कि वाकई देश के खिलाफनारा लगा था या नहीं, लेकिन एक बसा-बसाया परिवार उजाड़ दिया गया। इसके बाद भाजपा वसुधैव



कुटुम्बकम की बात करती है। श्री मोदी 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार बताते हैं।नफरत के ऐसे न जाने कितने प्रकरण हर दिन घटते हैं, लेकिन लोग खामोशी से देख कर मुंह फेर लेते हैं। लोगों की जुबान पर तब भी ताले लग जाते हैं जब गोली मारो जैसे नारे देने वाले अनुराग ठाकुर और अमित शाह के बेटे जय शाह शाहिद अफरीदी के साथ बैठकर मैच देखते हैं। देश में भाजपा और संघ लोगों को घुट्टी पिला रहे हैं, पाकिस्तान से दुश्मनी निभाओ, मुसलमानों से नफरत करो। लेकिन खुद मतलब की दोस्ती निभाते हैं और पूरा फायदा लेते हैं। बहरहाल, बात हो रही थी महाकुंभ में आस्था के नाम पर हो रही ठगी की। इस ठगी में सभी शामिल नजर आए। सरकार ने आस्था के स्थल पवित्र त्रिवेणी संगम को राजनैतिक मंच की तरह इस्तेमाल किया। और इस मंच का विस्तार अलग-अलग राज्यों में भी किया। उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में जेलों में कैदियों को गंगा जल से स्नान कराया गया। तर्क दिया गया कि इससे उनकी आत्मिक शुद्धि होगी। वैसे न्यायपालिका में जेलों को सुधारगृह ही बताया गया है। जहां कुछ वक्त कैद रहकर इंसान जब बाहर निकले तो उसमें सुधार आए, उसकी अपराध करने की प्रवृत्ति छूटे। यह बिल्कुल गंगाजी में डुबकी लगाने जैसा ही है, जब सांसों को कैद करके इंसान पानी के भीतर घुसता है। लेकिन क्या वाकई हमारी जेलें सुधार गृहों की तरह रह गई हैं, ये एक उलझा हुआ सवाल है। अदालतों में मुकदमों का बोझ बढ़ा हुआ है, लाखों कैदी जेलों में कीड़े-मकोड़ों की तरह भरे रहते हैं। वहां नर्क जैसे माहौल में यातनाएं सहते हुए वक्त बिताते हैं और इनमें से कई तो अपराध साबित होने के इंतजार में ही पड़े रहते हैं। क्या इन सवालों का जवाब कुछ कैदियों को गंगाजल से नहलाने से मिलेगा या इससे समाज में अपराध कम हो जाएगा। आंकड़ों के हिसाब से देश की लगभग आधी आबादी गंगा स्नान कर चुकी, तो क्या अब अपराध दर में गिरावट आएगी। उप्र के नोएडा में कुछ आलीशान रिहायशी इलाकों में लोगों ने संगम से लाए जल को स्विमिंग पूल के जल में मिला दिया, ताकि जो लोग प्रयागराज नहीं जा पाए, वे भी गंगा स्नान का पुण्य कमा लें। जबकि यहां अधिकांश इलाकों में नलों में गंगा का पानी ही आता है। इसी तरह सोशल मीडिया पर एक नए किस्म के कारोबार का खुलासा हुआ। कुछ लोगों ने संगम पर डिजीटल स्नान की व्यवस्था करवाई। अपने घर में बैठकर स्नान के आकांक्षी श्रद्धालु की फोटो इन लोगों ने अपने डिजीटल कैमरे से खींची, उसका वहीं पर प्रिंट निकाला और उनकी फोटो को गंगाजी में डुबोकर उसके लाइव दर्शन करवाए। इस सेवा के बदले कुछ हजार की रकम वसूली जाती है। आधुनिक तकनीकी से यह धार्मिक जुगाड़ शायद भारत में ही ईजाद हुआ है। अगर एलन मस्क को इसका पता चले तो वे इसका फायदा अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम में भी ले सकते हैं। वैसे मोदीजी अब कह सकते हैं कि पकौड़ा बेचना ही रोजगार नहीं है, आप डिजीटल स्नान से भी कमाई करवा सकते हैं। उनके डिजीटल इंडिया कार्यक्रम में भी इस अनूठे रोजगार का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। पहले तीर्थयात्राओं पर पंडे-पुजारियों को अच्छी कमाई का मौका मिलता था और तीर्थाटन के लिए आए श्रद्धालु भी उन्हें अपनी क्षमतानुसार सेवा देते थे।

# सेहत का पर्व

जब कहा जाता है कि भारत पर्व व त्योहारों का देश है, तो उसकी ठोस वजह है। जब मौसम व प्रकृति अपना रूप बदल रहे होते हैं तो इनके संधिकाल पर ये पर्व-त्योहार दस्तक देते हैं। हमें सचेत कर रहे होते हैं कि बदलते मौसम के अनुरूप अपना खान-पान, रहन-सहन और विचार-वाणी बदलिए। अध्यात्म हमें वास्तव में मानवीय बनने की प्रेरणा देता है ताकि हम आत्मकेंद्रित होने के बजाय प्रकृति, समाज, कुदरत की रचनाओं, वंचितों व जरूरतमंदों की भी फिक्र करें। शिवमय हुए देश में पर्व के मर्म को महसूस किया जा सकता है। सूर्योदय के साथ दैनिक कर्मों से निवृत्त लोग आस्थास्थलों की तरफ उमड़ते देखे जाते हैं। सूर्य के उगने से पहले उठना अपने आप में सेहत की कुंजी है। शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें हममें धैर्य भर देती हैं, जो बताता है कि यदि हम नियम व कायदे के अनुरूप अपनी आस्था की अभिव्यक्ति करें तो तीर्थस्थल भगदड़ की त्रासदियों से सदा-सदा के लिए मुक्त हो सकते हैं। दरअसल, चाहे हमारे तीर्थ हों या देवालय, हमारे पूर्वजों ने उन्हें प्रकृति की सुषमा और जल स्रोतों के करीब बनाया है। जहां हम दैनिक जीवन की एकरसता से मुक्त होकर प्रकृति के सान्निध्य में सुकून महसूस कर सकें। हमारे बड़े तीर्थों के दुर्गम व पहाड़ी इलाकों में स्थित होने का अर्थ भी यही है कि हम शरीर को गतिशील बनाएं। हम पसीना बहाएं, जो अपने साथ शरीर के विजातीय द्रव्यों को बाहर निकालकर हमें स्वस्थ बनाता है। सही मायनों में हमारे पर्व-त्योहार समाज के लिए सेफ्टी-वॉल का काम ही करते हैं, भागमभाग के तनाव से मुक्त करते हैं। दफ्तर-परिवार में ऊंच-नीच से उपजी असहज स्थितियों से मुक्त होने का अवसर ये पर्व देते हैं। दरअसल, समय के साथ जीवनशैली में आए बदलावों संग न केवल हमारा व्यवहार कृत्रिम हुआ है बल्कि हमारा खानपान भी अपना मूल स्वरूप खो चुका है। ऐसे में ये पर्व हमें जीवन की वास्तविकता से रूबरू कराते हैं। कहने को तो हमारे पर्व-त्योहार आस्था व आध्यात्मिक व्यवहार से जुड़े हैं, लेकिन सही मायनों में वे हमारे स्वास्थ्य का संवर्धन कर रहे होते हैं। शिवरात्रि के व्रत में हम बेर आदि उन फलों का सेवन करते हैं, जो बदलते मौसम में हमारी शरीर की जरूरतों को पूरा करते हैं। तमाम लोग मंदिरों के बाहर दूध व फल आदि के लंगर लगाते हैंय जिससे दान देने वाले तो सेवाभाव से अभिभूत होते ही हैं, साथ ही श्रद्धालुओं के साथ ही तमाम गरीबों, जरूरतमंदों व भूखों को भी इससे लाभ मिलता है। ये पर्व हमारी आर्थिकी के लिए भी उत्प्रेरक तत्व हैं। फलों व पर्व से जुड़े सामान की बिक्री खूब होती है। उन लाखों लोगों को आर्थिक लाभ व रोजगार मिलता है, जो धार्मिक स्थलों के बाहर सड़कों पर दुकान लगा रहे होते हैं। इन धार्मिक स्थलों में पहुंचे श्रद्धालुओं में आस्था के चलते सहजता, सरलता, परोपकार आदि मानवीय गुणों की अभिव्यक्ति होती है। जो हममें सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। मंदिर व पूजा-पाठ से जीविका चलाने वालों की आर्थिकी इन पर्वों से समृद्ध होती है। वहीं पर्व-व्रत के धार्मिक-आध्यात्मिक पक्ष के इतर समाज-कल्याण व सेहत से जुड़ा पक्ष भी सशक्त है। सबसे महत्वपूर्ण तो व्रत है। व्रत का एक संपूर्ण विज्ञान है। विडंबना यह है कि हम अपने आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा जैसे सर्वसिद्ध ज्ञान को गंभीरता से नहीं लेते। हाल ही के दिनों में विकसित देशों ने तमाम शोधों के बाद व्रत को दवा की संज्ञा दी है। प्राकृतिक चिकित्सा में व्रत के प्रकार, उसे खोलने में सावधानी व उपचार में उपयोग को लेकर विस्तृत अध्ययन उपलब्ध है, जो बताता है कम खाने से हमारा शरीर का पाचनतंत्र बेहतर ढंग से काम करता है। हम अपेक्षाकृत अधिक स्वस्थ महसूस करते हैं। लेकिन व्रत वाले दिन हम तमाम ऐसे विकल्प तलाश लेते हैं जो सामान्य दिनों के खाने से ज्यादा होता है। सही मायनों में व्रत विशुद्ध शारीरिक स्वास्थ्य की एक स्वयंसिद्ध प्रक्रिया है। हमारे पूर्वजों ने इस धर्म और अध्यात्म से जुड़कर यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि सनातनी सदियों तक व्रत और परंपराओं का पालन करते हुए शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकें।

# भावी कुम्भ के लिए कई सवाल

**राजनीति व संस्कृति से भी है। इन सवालों के उत्तर यदि न तलाशे गये तो आने वाले हर कुम्भ के आयोजनों को इन प्रश्नों से जूझना होगा जिससे देश का धर्म प्रभावित होगा, राजनीति व संस्कृति भी प्रभावित होगीय और ख्याल रहे कि ये असर नकारात्मक होंगे। आस्थावान लोग मानते हैं कि कुम्भ हजारों वर्षों से आयोजित होते आये हैं, तो इसका अर्थ यह है कि भारत पर शासन करने वाले अलग-अलग राजवंशों ने इसके आयोजनों में कोई व्यवधान नहीं डाला और न ही मनाही की। इनमें बाहर से आये मुसलिम शासक भी थे और अंग्रेज भी। इस देश में विभिन्न धर्मों के मानने वाले सदियों से रहते आये हैं जिनके चलते भी कभी कोई दिक्कत नहीं आई। विविधता वाले देश में जिस तरह अनेक पर्व एवं त्यौहार सभी के द्वारा हिल-मिलकर मनाये जाते रहे हैं, कुम्भ भी उनमें से एक है।**

पिछले अनेक वर्षों से प्रयागराज, उज्जैन, हरिद्वार एवं नासिक में होने वाले कुम्भ भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक वैभव के आयोजन माने जाते रहे हैं। इन चारों स्थानों पर हर 12 वर्षों में आयोजित होने वाले कुम्भ हिन्दुओं के धार्मिक जीवन में अत्यधिक महत्व रखते हैं। हर धर्मप्राण हिन्दू अपने जीवन में इसमें शामिल होने की इच्छा रखता है। अब तक तो कुम्भ का सरोकार उसके धर्म-पक्ष से था लेकिन 14 जनवरी से प्रारम्भ होकर बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर समाप्त हुआ प्रयागराज का कुम्भ कई अच्छी-बुरी यादें तो छोड़ ही गया है, उससे अनेक ऐसे सवाल भी उठ खड़े हुए हैं जिनका सम्बन्ध देश की धार्मिक व्यवस्था से तो है ही।

राजनीति व संस्कृति से भी है। इन सवालों के उत्तर यदि न तलाशे गये तो आने वाले हर कुम्भ के आयोजनों को इन प्रश्नों से जूझना होगा जिससे देश का धर्म प्रभावित होगा, राजनीति व संस्कृति भी प्रभावित होगीय और ख्याल रहे कि ये असर नकारात्मक होंगे। आस्थावान लोग मानते हैं कि कुम्भ हजारों वर्षों से आयोजित होते आये हैं, तो इसका अर्थ यह है कि भारत पर शासन करने वाले अलग-अलग राजवंशों ने इसके आयोजनों में कोई व्यवधान नहीं डाला और न ही मनाही की। इनमें बाहर से आये मुसलिम शासक भी थे और अंग्रेज भी। इस देश में विभिन्न धर्मों के मानने वाले सदियों से रहते आये हैं जिनके चलते भी कभी कोई दिक्कत नहीं आई। विविधता वाले देश में जिस तरह अनेक पर्व एवं त्यौहार सभी के द्वारा हिल-मिलकर मनाये जाते रहे हैं, कुम्भ भी उनमें से एक है। यह भी अनेकता में एकता का एक उदाहरण रहा है, लेकिन प्रयागराज महाकुम्भ का कुम्भ 144 वर्षों के बाद दुर्लभ संयोग में आया है जिसके कारण इसका विशेष माहात्म्य है। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी जैसी जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं की कमी से जूझ रहे उत्तर प्रदेश सरकार ने लगभग 5500 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि इसके लिये



हटकर साबित हुआ है। इस परम्परागत व पौराणिक महत्व के आयोजन को राजनीतिक कब्जे के लिये भी याद किया जायेगा। पहले तो कुछ पंडितों द्वारा ऐलान कराया गया कि इस बार आवंटित की थी। कुम्भ के बारे में कहा जाता है कि इसमें आने के लिये न कोई किसी को बुलाता है और न ही कोई किसी के बुलावे पर पहुंचता है। हिंदू समाज का यह एक स्वतरूस्फूर्त व सामूहिक आयोजन होता है जो साझा विरासत का हिस्सा है। पहली बार बड़े पैमाने पर विज्ञापनों एवं प्रचार माध्यमों के जरिये राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने अपने राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिये बड़ी भीड़ एकत्र करने की योजना बनाई। इसमें जिस तरह से साधु-संतों द्वारा राजनीतिज्ञों को नहलाया गया, भगदड़ के बाद भी लोगों पर हैलीकॉप्टरों से पुष्प वर्षा की गयी, वीआईपी के लिये विशेष व्यवस्था तथा आमजनों को गंदे पानी में नहाने व उसका आचमन करने पर मजबूर किया गया, वह भाजपा द्वारा राजनीतिक लाभ लेने के अशोभनीय कृत्य ही कहे जायेंगे।सरकार की ओर से बताया गया था कि 40 करोड़ लोग पहुंचेंगे परन्तु तैयारी 100 करोड़ लोगों के लायक की गयी है। यह दावा 28-29 की रात फेल हो गया जब मौनी अमावस्या के अवसर पर पवित्र स्नान करने के लिये आतुर बड़ी संख्या में लोग बदइंतजामी के कारण कुचले गये। कहा जाता है कि मरने वालों की संख्या घोषित आंकड़ों (30) से कहीं ज्यादा है और बकौल पूर्व सीएम व सांसद अखिलेश यादव भगदड़ एक-दो स्थान पर नहीं बल्कि 4-5 जगहों पर हुई। तुर्रा यह है कि यदि इसके बारे में सवाल किया जाये तो उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसी सनातनी की फेसबुक पर डाली पोस्ट उद्धृत करते हैं कि श्कुम्भ में जिसने जो चाहा उसे वह मिला। गिद्धों को लाशें मिलीं और सुअरों को कीचड़ मिला,्य बताया यह भी जाता है कि आज भी कई लोगों के परिजन लापता है और माना जाता है कि उनकी लाशें मिलनी अब मुमकिन नहीं। आरोप है कि मुआवजा बचाने के लिये बिना पोस्टमॉर्टम कई लाशें परिजनों के साथ उनके घरों को रवाना कर दी गयीं। भारत में नये साम्प्रदायिक विभाजन का कुरूप चेहरा देखने को मिला जब सनातनियों का कथित रूप से प्रतिनिधित्व करने वाली धर्म संसद एवं कई अखाड़ों ने ऐलान कर दिया कि इसमें मुसलमानों को दुकानें नहीं लगाने दी जायेंगी। पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय से भारत इस तरह की मानसिकता से दो-चार हो रहा है। देश को केवल बहुसंख्यकों का निजाम बनाने में विश्वास रखने वाली विचारधाराएं, ताकतें एवं संगठन हालिया दौर में भारत की सारी बुराइयों की जड़ अल्पसंख्यकों, खासकर मुसलिमों को मान रही है। इसी मानसिकता के तहत कहीं मुसलिमों को सोसायटियों में फ्लैट नहीं खरीदने दिये जाते तो कहीं मुसलिम फेरीवाले प्रतिबंधित किये जा रहे हैं। कोरोना फैलाने के लिये जिस कौम को सबसे ज्यादा दोषी माना गया था और जिन्हें यहां दुकानें लगाने को मना किया गया था, उसने अपने घरों व मस्जिदों को बेशक भगदड़ में फंसे लोगों के लिये खोल दिया हो, लेकिन उनके प्रति जहर की मात्रा जरा भी कम होती नजर नहीं आती।



# रोहित की कप्तानी के इस अंदाज पर फिदा हैं शिखर धवन

## ● बताया कैसे बनी दोनों की ओपनिंग जोड़ी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का मानना है कि रोहित शर्मा पिछले कुछ वर्षों में कप्तान के रूप में परिपक्व हुए हैं। उन्होंने कहाकि अपने साथियों के साथ रोहित का करीबी रिश्ता है जो भारतीय टीम के लिए अच्छा है। काफी समय तक रोहित के सलामी जोड़ीदार रहे धवन ने कहा कि मुंबई का यह बल्लेबाज टीम को संभालने के लिए काफी अनुभवी है।धवन ने 'स्टार स्पोर्ट्स' और 'जियोहॉटस्टार' पर विशेष सीरीज 'द शिखर धवन एक्सपीरियंस' में कहाकि 2013 से 2025 तक, 12 साल का अनुभव बहुत है। रोहित ने बहुत कुछ देखा है। वह जानता है कि दबाव की स्थिति में कैसे काम करना है, लड़कों को कैसे एकजुट करना है। शिखर धवन ने कहाकि एक कप्तान के रूप में वह परिपक्व हो गया है। वह जानता है कि कब नरमी बरतनी है और कब पीछे हटना है। यह एक अच्छा संतुलन है और लड़कों के साथ रोहित का रिश्ता अद्भुत है। धवन ने 2013 आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी के अपने सफर के बारे में भी बात की और रोहित के साथ अपनी नौ साल की सलामी साझेदारी को याद किया जो उसी टूर्नामेंट में शुरू हुई थी। बाएं हाथ के इस 39 वर्षीय पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि रोहित को उनके साथ सलामी जोड़ीदार के रूप उतारने का विचार महेंद्र सिंह धोनी का था। धवन ने कहाकि उस सलामी जोड़ी पर फैसला उस मैच से आधे दिन पहले किया गया था। उस समय मैं भी नया था और मैं अपनी ही दुनिया में था। मैंने वापसी की थी और अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत थी। लेकिन महेंद्र सिंह धोनी ने यह फैसला किया और रोहित को पारी का आगाज करने का निर्देश दिया। शिखर ने कहाकि मैंने इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचा। मैंने सोचा कि अगर रोहित पारी का आगाज करते हैं तो हम साथ में बल्लेबाजी का आनंद लेंगे।

हमें पहले मैच में बहुत अच्छी शुरुआत मिली। हमने बिना विकेट खोए 100 रन बनाए थे। धवन ने कहाकि हमने 10वें ओवर तक 30-35 रन ही बनाए क्योंकि विकेट से तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही थी। लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि हमारी जोड़ी इतनी बड़ी होगी और हम 10 साल तक साथ खेलेंगे। धवन ने रोहित के साथ अपनी दोस्ती के बारे में भी बात की और कहा कि उनकी दोस्ती जूनियर क्रिकेट के दिनों से है।

# पैट कमिंस विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिये तैयार

एजेंसी



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस को उम्मीद है कि आगामी आईपीएल सीज़न और जून में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए वह तैयार हो सकेंगे। भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान टखने की चोट के कारण कमिंस चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से चूक गए थे। हालांकि अगले कुछ महीनों के दौरान व्यस्त सीज़न में वह अपनी फिटनेस को लेकर आशावादी हैं। कमिंस ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो को बताया, टखना पूरी तरह से मजबूत हो रहा है, इसे अच्छा आराम दे पा रहा हूं और फिर धीरे-धीरे मजबूत हो रहा हूं, जो आपको बहुत अधिक क्रिकेट खेलने पर नहीं मिलता है। यह कुछ समय के लिए उतना ही मजबूत महसूस हो रहा है। आईपीएल के लिए ठीक होना चाहिए, यही योजना है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने बताया कि उनके टखने को समय के साथ सावधानीपूर्वक प्रबंधन की आवश्यकता थी और मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान यह एक बड़ा मुद्दा बन गया। कमिंस ने कहा, यह कुछ ऐसा है जिस पर हमने कभी भी सर्जरी नहीं करने का विकल्प चुना है, बस पुनर्वास के लिए बहुत कुछ करना होगा।

इस ब्रेक का मतलब है कि मैं कुछ कॉर्टिसोन प्राप्त कर सकता हूं और वास्तव में पिछले कुछ हफ्तों में इसका अच्छी तरह से पुनर्वास कर सकता हूं। भविष्य को देखते हुए, कमिंस को उम्मीद है कि डब्ल्यूटीसी फाइनल के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में पूर्ण भूमिका निभाने से पहले आईपीएल के दौरान उनका कार्यभार लगातार बढ़ेगा। उन्होंने व्यस्त कार्यक्रम में रणनीतिक आराम के महत्व को स्वीकार किया। उन्होने कहा, कभी-कभी अजीब दौरे को मिस करने से आप वास्तव में पूरे साल अधिक क्रिकेट खेलते हैं।

## संक्षिप्त सामाचार

### बारिश के कारण पाकिस्तान बनाम बंगलादेश मुकाबला हुआ रद्द

**रावलपिंडी।** चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान और बंगलादेश के बीच गुरुवार को होने वाले मैच को रूक रूक कर हो रही बारिश के कारण रद्द कर दिया गया हैं। मैच रेफरी ने मैदान का निरीक्षण किया और बारिश को देखते हुए इस मैच को रद्द करने का फैसला लिया। दोनों टीमों को एक-एक अंक दिए गए। दोनों टीमें पहले ही चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो चुकी और यह दोनों का आखिरी ग्रुप मुकाबला था। बारिश के कारण मैच का टॉस भी नहीं हुआ और बिना एक भी गेंद फेंके मैच को रद्द कर दिया गया। बंगलादेश तीन मैचों में दो हार और एक रद्द मैच के साथ एक अंक और माइनस 0.44 नेट रन रेट लेकर तीसरे स्थान पर रही। वहीं मेजबान पाकिस्तान माइनस 1.09 नेट रन रेट के साथ ग्रुप अंक तालिका में चौथे स्थान पर रही।

### कोयला खान नीलामी पर शुक्रवार को मुम्बई में होगा रोड शो

**नयी दिल्ली।** कोयला मंत्रालय कोयला क्षेत्र में निवेश के अवसरों और कोयले के व्यावसायिक खनन के लिए प्रस्वावित नीलामी पर रखे जाने वाले कोयला-प्रखण्डों की संभावित निवेशकों को जानकारी देने के लिए आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के तहत शुक्रवार को मुंबई में एक रोड शो आयोजित करने जा रहा है । मुंबई के ताज महल पैलेस में आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर मंत्रालय के सचिव विक्रम देव दत्त, अपर सचिव रूपिंदर बरार और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी वहां रहेंगे। मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस कार्यक्रम में कोयला खनन, तकनीकी प्रगति, सर्वोत्तम और दीर्घकालीन प्रथाओं में उभरती संभावनाओं का पता लगाने के लिए प्रमुख हितधारक, अग्रणी उद्यमी और निवेशक शामिल होंगे। गत 18 जून 2020 को पहली बार व्यावसायिक कोयला नीलामी शुरू होने के बाद से ,इस क्षेत्र ने उल्लेखनीय प्रगति प्रदर्शित की है। अब तक 10 दौर की सफल नीलामी के साथ 113 कोयला खदानें आवंटित हुई हैं, जिनका संचयी पीआरसी (उच्चतम दर पर निकासी क्षमता) 25.76 करोड़ टन प्रति वर्ष है। इस सफलता को आगे बढ़ाने और उद्योग की भागीदारी को प्रोत्साहन देने के लिए, कोयला मंत्रालय ने रोड शो की एक श्रृंखला शुरू की है।

### महाकुंभ मेला के लिए 16 हजार से अधिक ट्रेनों का किया गया संचालनः वैष्णव

**महाकुंभनगर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि महाकुंभ के अवसर पर प्रयागराज के लिये रेलवे ने 13 हजार ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई थी, लेकिन श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित संख्या को देखते हुए 16 हजार से अधिक ट्रेनों का सफल संचालन किया गया। श्री वैष्णव ने गुरूवार को यहां रेलवे अधिकारियों से मुलाकात कर महाकुंभ के दौरान रेलवे की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का यह आयोजन भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह भव्य आयोजन संभव हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रमुख भूमिका रही। उन्होंने बिहार और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्रियों का भी आभार जताया, जिनके सहयोग से रेलवे ने बेहतर समन्वय स्थापित किया और श्रद्धालुओं को सुगम यात्रा की सुविधा दी। रेल मंत्री ने बताया कि प्रारंभ में रेलवे ने 13 हजार ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई थी, लेकिन श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित संख्या को देखते हुए।

# मार्क वुड की चोट की आशंका से इंग्लैंड की चिंता बढ़ी

एजेंसी



**लाहौर।** ब्रायडन कार्स के आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के बाद इंग्लैंड के मार्क वुड को बुधवार को यहां अफगानिस्तान के खिलाफ अपने स्पेल के बीच में लंगड़ाते हुए देखा गया। अफगानिस्तान के खिलाफ अपना चौथा ओवर फेंक रहे तेज गेंदबाज मार्क वुड को लाहौर में ओवर के बीच में लंगड़ाते देखा गया। कुछ ही समय बाद इंग्लैंड के फिजियो ने वुड की देखभाल की और उन्हें तेज गेंदबाज के बाएं घुटने को फैलाने में मदद करते देखा गया। मैदान छोड़ने से पहले वुड ने अपना ओवर पूरा किया। हालांकि तेज गेंदबाज अतिरिक्त चार ओवर फेंकने के लिए मैदान पर वापस लौटा, लेकिन वुड को बाद में पारी में फिर से असहजता में देखा गया, इससे पहले कि वह 43वें ओवर के बाद ड्रेसिंग रूम में वापस लौट आए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के दौरान चोट लगने के बाद इंग्लैंड ने ब्रायडन कार्स को पहले ही अपनी टीम से बाहर कर दिया है और उनकी जगह रेहान अहमद को टीम में शामिल किया गया है। अपने पूरे करियर में कई चोटों से जूझने वाले वुड 2024 में टखने की चोट के कारण लगभग एक साल के लिए बाहर हो गए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड की चैंपियंस ट्रॉफी के शुरुआती मैच में, वुड ने 1/75 के आंकड़े के साथ स्टीव स्मिथ का सबसे महत्वपूर्ण विकेट लिया था।

### दीपक कुमार और रणविजय सिंघा ने किया विश्वस्तरीय निशानेबाजी सुविधा का उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** भारतीय शूटर दीपक कुमार और टीवी कलाकार रणविजय सिंघा ने गुरुवार को वसंत कुंज के जीडी गोयनका स्कूल में एक अत्याधुनिक निशानेबाजी सुविधा का उद्घाटन किया। यह शूटिंग रेंज एक प्रभावशाली, ओलंपिक आकार की 10-मीटर सुविधा है, जिसमें आधुनिक एयर राइफल और एयर पिस्टल के साथ-साथ एक उन्नत इलेक्ट्रॉनिक टारगेट स्कोरिंग प्रणाली है। इस अवसर पर रणविजय सिंघा ने कहा, मैं इस निशानेबाजी सुविधा को देखकर और यहां हुये कुछ खेलों को फिर से देखकर बहुत उत्साहित हूं। अगर युवा बच्चों को स्कूल में ऐसी सुविधा और समर्थन मिलेगा तो खिलाड़ी और एथलीट देश के लिए अनगिनत पदक जीतने से नहीं रुकेंगे।

# कोनामी करेगा संधू के साथ ईफुटबॉल अभियान की शुरुआत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कोनामी डिजिटल एंटरटेनमेंट, बी.वी. (कोनामी) आगामी एक से 26 मार्च तक भारतीय फुटबॉल कप्तान गुरप्रीत सिंह संधू और पेशेवर ईस्पोर्ट्स खिलाड़ी जोनाथन गेमिंग की विशेषता वाले एक विशेष अभियान की शुरुआत करेगा 26 दिनों तक चलने वाले इस अभियान के मुख्य आकर्षण का केंद्र गोल के रंग ईफुटबॉलटीएम टूर्नामेंट है। इसमें गेमरफ्लीट, शार्कशे, आरके रेड्डी, स्नैक्स और ईगल गेमिंग जैसी शीर्ष गेमिंग हस्तियां शामिल होंगी। ब्रांड एंबेसडर के रूप में अभियान की अगुआई करते हुए भारतीय ईस्पोर्ट्स स्टार जोनाथन गेमिंग सामुदायिक जुड़ाव के लिए मुख्य भूमिका निभाएंगे। इसके साथ ही भारतीय फुटबॉल संधू अभियान के दौरान एक विशेष घोषणा करेंगे। यह अभियान प्रमुख फुटबॉल सिम ईफुटबॉलटीएम में होली की भावना को जीवंत करेगा।



इस पहल को लेकर उत्साहित भारतीय फुटबॉल कप्तान संधू ने कहा, फुटबॉल और गेमिंग दोनों ही कौशल, रणनीति और जुनून की मांग करते हैं - ऐसे मूल्य जो खिलाड़ियों को मैदान पर और मैदान से बाहर एकजुट करते हैं।

# कार्बन मुक्त ग्रीन स्टील बनाने में मदद करेगा बेल्जियम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बेल्जियम के राजा की प्रतिनिधि के रूप में राजकुमारी एस्ट्रिड के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बेल्जियम आर्थिक मिशन 1 से 8 मार्च तक भारत में दिल्ली एवं मुंबई की यात्रा करेगा। बेल्जियम के राजदूत दीदीएर वांडरहासेल्ट ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बेल्जियम आर्थिक मिशन के प्रतिनिधिमंडल के दिल्ली (02 से 04 मार्च) और मुंबई (05 से 07 मार्च) में कार्यक्रम निर्धारित किए गये हैं। उन्होंने कहा कि यह मिशन एक सहयोगात्मक प्रयास है और इसका आयोजन बेल्जियम की विदेश व्यापार एजेंसी, विदेश मामलों की संघीय लोक सेवा और विदेशी व्यापार के प्रभारी क्षेत्रीय संस्थानों- फ्लैंडर्स इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेड (एफआईटी), हब.ब्रुसेल्स और वालोनिया एक्सपोर्ट-इन्वेस्टमेंट एजेंसी (आवेक्स) द्वारा किया जा रहा है। श्री वांडरहासेल्ट ने बताया कि बेल्जियम की संघीय सरकार का प्रतिनिधित्व विदेश मामलों, यूरोपीय मामलों और विदेश व्यापार मंत्री बर्नार्ड क्विंटिन तथा संघीय



सांस्कृतिक संस्थानों द्वारा किया जाएगा तथा फ्लैंडर्स सरकार के अर्थव्यवस्था, नवाचार और उद्योग, विदेश मामलों, डिजिटलीकरण और सुविधा प्रबंधन मंत्री मैथियास डिपेन्डेले फ्लेमिश क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि मिशन में प्रमुख 83 बेल्जियम कंपनियों एवं संस्थाओं के 326 उद्योग और आधिकारिक प्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल शामिल होगा। इस मिशन का फोकस जिन आर्थिक क्षेत्रों पर होगा। उनमें जलवायु और नवीकरणीय ऊर्जा, स्वास्थ्य एवं जीवन विज्ञान, निर्माण एवं पारिस्थितिकी-निर्माण, परिवहन एवं रसद, अंतरिक्ष एवं रक्षा तथा स्टील एवं अन्य उद्योगों का डीकार्बोनाइजेशन यानी कार्बन न्यूनीकरण शामिल है। उन्होंने कहा कि वालोनिया भारत के संधारणीय इस्पात उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ने के लिए 200 वर्षों की धातुकर्म विशेषज्ञता का लाभ साझा करने के लिए प्रतिबद्ध है। यूरोपीय कार्बन कर और भारत की ग्रीन स्टील योजना उन्नत डीकार्बोनाइजेशन समाधानों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है। बेल्जियम के विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त स्टील इनोवेटर्स मजबूत तकनीक देने के लिए तत्पर हैं। राजदूत ने कहा कि पूरे मिशन के दौरान, कई व्यावसायिक, शैक्षणिक और आधिकारिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बेल्जियम के उत्तरी प्रांत फ्लैंडर्स के 132 भागीदार प्रतिनिधिमंडल में शामिल होंगे। प्रांतीय सरकार की संस्था फ्लैंडर्स इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेड चार सेमीनार आयोजित करेगी जो पानी एवं कचरा प्रबंधन, टिकाऊ निर्माण एवं शहरीकरण, हाइड्रोजन ऊर्जा निर्माण एवं यूरोप को निर्यात तथा पोर्ट आफ एंटवेर्प एवं फार्मा लॉजिस्टिक्स पर आधारित होंगे। इस दौरान वडोदरा में सिलोक्स रिसर्च एंड इनोवेशन सेंटर का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया गया जाएगा जो पुनर्चक्रण एवं कीमती धातुओं का पुनरोपयोग आदि के क्षेत्र में काम किया जाएगा। राजदूत ने कहा कि बेल्जियम और भारत मिलकर सभी के लाभ के लिए चिकित्सा प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ा रहे हैं। खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी में बेल्जियम के नेतृत्व वाला सहयोग भी उतना ही उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि बेलगो-इंडियन नेटवर्क फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स के माध्यम से, यूनिवर्सिटी ऑफ लीज, एडवांस्ड मैकेनिकल एंड ऑप्टिकल सिस्टम जैसे संस्थानों और एरीज और इसरो सहित भारतीय अनुसंधान निकायों ने अग्रणी अनुसंधान परियोजनाओं को आगे बढ़ाया है।

### एचसीएल टेक ने हैदराबाद में नई विश्व स्तरीय केंद्र का किया शुभारंभ

**हैदराबाद।** वैश्विक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनी एचसीएल टेक ने गुरुवार को हैदराबाद में अपनी नई अत्याधुनिक केंद्र का शुभारंभ किया। कंपनी का यह नया केंद्र 3.2 लाख वर्ग फीट में फैली है और इससे 5,000 नई नौकरियों के अवसर सृजित होंगे। इसका उद्घाटन तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने आईटी मंत्री डी. श्रीधर बाबू और एचसीएल टेक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक सी. विजयकुमार की उपस्थिति में किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना सरकार लगातार बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर रही है और उनके अनुरूप नई सुविधाओं का उद्घाटन कर रही है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा, तेलंगाना और हैदराबाद शहर देश में सबसे तेजी से विकास कर रहे हैं। यह गर्व का क्षण है कि तेलंगाना ने सिर्फ एक साल में घरेलू और बहुराष्ट्रीय कंपनियों से सबसे अधिक निवेश आकर्षित किया है, साथ ही रोजगार सृजन में भी नंबर एक स्थान प्राप्त किया है। श्री रेड्डी ने बताया कि तेलंगाना आर्टिफिशेयल इंटेलिजेंस (एआई) में सबसे आगे है और यहां महंगाई दर भी सबसे कम है।

# जुपिटर रेलव्हील फैक्ट्री को ब्रेथवेट से मिला 255 करोड़ का ऑर्डर

एजेंसी

**कोलकाता।** जुपिटर वैगन्स लिमिटेड (जेडब्ल्यूएल) की विशेष व्हीलसेट निर्माण इकाई जुपिटर टाट्रावागोंका रेलव्हील फैक्ट्री प्राइवेट लिमिटेड को ब्रेथवेट एंड कंपनी से 9140 व्हीलसेट की आपूर्ति के लिए 255 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। कंपनी ने गुरुवार को बताया कि यह अनुबंध भारत में उच्च प्रदर्शन वाले रेलवे व्हीलसेट के अग्रणी घरेलू निर्माता के रूप में जुपिटर की स्थिति को और मजबूत करेगा। इससे भारत की आत्मनिर्भरता और उन्नत गतिशीलता समाधानों की बढ़ती आवश्यकताओं में योगदान मिलेगा। इस नवीनतम ऑर्डर के साथ कंपनी की कुल ऑर्डर बुक 560 करोड़ तक पहुंच गई है, जो रेलवे अवसंरचना क्षेत्र में जुपिटर की बढ़ती उपस्थिति को दर्शाती है। जुपिटर ने अपनी विस्तार योजनाओं के तहत वित्त वर्ष 2026 तक अपने व्हील व्यवसाय से 600 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है, जो वर्तमान योगदान से लगभग दोगुना होगा। यह




वृद्धि मुख्य रूप से उत्पादन क्षमता में वृद्धि, मजबूत ऑर्डर प्रवाह और घरेलू विनिर्माण क्षमताओं के विस्तार से प्रेरित होगी। जुपिटर इस लक्ष्य को हासलि करने के लिए ओडिशा में एक विश्व स्तरीय उत्पादन सुविधा स्थापित कर रहा है। यह सुविधा मौजूदा 20,000 फोर्ज्ड व्हील और एक्सल की उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 1,00,000 फोर्ज्ड व्हीलसेट प्रति वर्ष कर देगी। इस परियोजना में 2500 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है, जो घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहित करने और आयात निर्भरता कम करने के भारत सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है। परियोजना की प्रगति नियोजित समय-सीमा के अनुसार हो रही है। एक्सल उत्पादन के लिए वाणिज्यिक परिचालन तिथि (सीओडी) दिसंबर 2026 तक निर्धारित है जबकि पूरी पहिया और एक्सल उत्पादन इकाई दिसंबर 2027 तक चालू होने की योजना है। जुपिटर वैगन्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विवेक लोहिया ने इस विकास पर टिप्पणी करते हुए कहा, ब्रेथवेट एंड कंपनी का यह ऑर्डर जुपिटर टाट्रावागोंका रेलव्हील फैक्ट्री की विनिर्माण उत्कृष्टता और भारत के रेलवे क्षेत्र की उभरती मांगों को पूरा करने की हमारी क्षमता पर विश्वास को दर्शाता है।

रेलवे नेटवर्क के तेजी से विस्तार के साथ, घरेलू स्तर पर उत्पादित विश्वसनीय, उच्च-प्रदर्शन वाले व्हीलसेट की भारी मांग है। ओडिशा में स्थापित की जा रही नई सुविधा इस क्षेत्र में गेम-चेंजर साबित होगी। यह न केवल व्हीलसेट निर्माण में भारत की आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित करेगी बल्कि भारत को वैश्विक रेलवे आपूर्ति श्रृंखला में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करेगी।

# शेयर बाजार सपाट

एजेंसी

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यूरोपीय संघ से आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी के बावजूद एनवीडिया के अपेक्षित परिणामों से विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर बिकवाली से आज शेयर बाजार सपाट बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 10.31 अंक की मामूली बढ़त से 74,612.43 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 2.50 अंक फिसलकर 22,545.05 अंक पर सपाट रहा। बीएसई का मिडकैप 0.97 प्रतिशत की गिरावट लेकर 39,445.69 अंक और स्मॉलकैप 2.09 प्रतिशत का गोता लगाकर 44,111.64 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4072 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3030 में बिकवाली जबकि 943 लिवाली हुई वहीं 99 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियों में गिरावट जबकि 19 में तेजी रही। बीएसई में दूरसंचार, वित्तीय सेवाएं और धातु में 0.70 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 18 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.86, सीडी 1.34, ऊर्जा 0.29, एफएमसीजी 0.81, हेल्थकेयर 0.72, इंडस्ट्रियल्स 2.47, आईटी 0.63, यूटिलिटीज 1.18, ऑटो 1.57, बैंकिंग 0.09, कैपिटल गुड्स 1.58, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.83, तेल एवं गैस 0.60, पावर 1.80, रियल्टी 2.06, टेक 0.28, सर्विसेज 0.69 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.51 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा।

# राज्यों के साथ पारदर्शी और सहयोगात्मक संवाद की जरूरतः सीतारमण

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को भारत के आर्थिक ढांचे को मजबूत करने के लिए राज्यों के साथ पारदर्शी और सहयोगात्मक संवाद की आवश्यकता पर जोरदेते हुये कहा कि राज्यों के साथ ईमानदारी से बातचीत होनी चाहिए।

श्री सीतारमण ने यहां एक शिखर सम्मेलन में कहा, राज्यों के साथ ईमानदारी से बातचीत होनी चाहिए। आपको लगता है कि संस्थागत व्यवस्था से आपको वांछित परिणाम मिलेंगे। लेकिन जीएसटी परिषद की स्थापना में भी प्रयास गहन और



निरंतर थे। मुझे लगता है कि राज्यों के साथ बातचीत पहले होनी चाहिए।

उन्होंने स्पष्टता और सहयोग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जैसे जेंडर के सवाल का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। उसी तरह से पैसे या कर हस्तांतरण कैसे होता है, इस बारे में जनता को गलत जानकारी देने का कोई भी प्रयास राष्ट्र के लिए नुकसानदेह है क्योंकि कर्म भविष्य की पीढ़ियों पर बोझ है। फ़ायरसाइड चैट के दौरान इस बारे में पूछे जाने पर कि क्या संस्थागत ढांचा राज्यों के बीच राजकोषीय असमानताओं को दूर कर सकता है,श्रीमती सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद जैसी संरचनाओं के लिए निरंतर प्रयास की आवश्यकता है, लेकिन इसकी नींव वास्तविक राज्य-स्तरीय भागीदारी पर आधारित होनी चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या संरचनात्मक मुद्दों को दूर करने के लिए अतिरिक्त नीतिगत उपायों की आवश्यकता है, उन्होंने कहा इस स्तर पर नहीं।

हमने जिन सुधार उपायों की घोषणा की है, उन्हें अभी कुछ और करना है। आयकर विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद हमें तेजी से आगे बढ़ना होगा। हमें एक अप्रैल के बाद तेज गति से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने निर्यात संवर्धन, करदाता सम्मान, आयकर सरलीकरण और सीमा शुल्क में चल रहे सुधारों पर प्रकाश डाला और इनके क्रियान्वयन में विश्वास व्यक्त किया। भारत की ' विकास कहानी' के सामान्य होने की धारणा पर, श्रीमती सीतारमण ने चालू तिमाही में आर्थिक गतिविधियों में संभावित स्थिरता का संकेत दिया लेकिन इसे अंतिम बिंदु के रूप में खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, वैश्विक स्तर पर सभी चुनौतियों के बावजूद, भारत विकास के साथ आगे बढ़ रहा है।

प्रधान सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, राजकुमार यादव द्वारा राज आफसेट एबीसी काम्पलेक्स अपोजिट शुभम सिनेमा क्वीनटन रोड कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित कराकर 424-बी वैशाली इंक्लेब सेक्टर 9 इंदिरानगर लखनऊ से प्रकाशित।
समस्त विवाद वाराणसी न्यायलय के अधीन होंगे। फोन नं. 9935781155 E-mail :- info.shakuntimes@gmail.com RNI: UPHIN/2012/45286 प्रधान कार्यालय :- शक्तिपीठ, बरईपुर, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पिन कोड - 221007



# ममता ने बीजेपी पर लगाया फर्जी वोटर कार्ड बनवाने का आरोप

## बोलीं- बाहरी लोगों को बंगाल पर कब्जा नहीं करने देंगे

एजेंसी



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस की विस्तारित संगठनात्मक बैठक गुरुवार हुई, जहां पार्टी सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा 2026 के विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति का खाका तैयार किया गया। इस दौरान ममता बनर्जी ने भाजपा पर जमकर वार किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जब तक निर्वाचन आयोग निष्पक्ष नहीं होगा, तब तक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकते। उन्होंने हुकांर भरते हुए कहा कि हम उन फर्जी मतदाताओं की पहचान करेंगे, जिन्हें भाजपा की मदद से पंजीकृत किया गया है। ज्ञानेश कुमार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त करने पर ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा निर्वाचन आयोग को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि हम बाहरी लोगों को बंगाल पर कब्जा नहीं करने देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने हरियाणा, गुजरात के नकली मतदाताओं का नामांकन कराकर दिल्ली और महाराष्ट्र में चुनाव जीते। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो हम मतदाता सूची से फर्जी मतदाताओं को हटाने की मांग को लेकर निर्वाचन आयोग कार्यालय के समक्ष धरना देंगे। एक अन्य घटनाक्रम में, टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया कि पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी के साथ उनके मतभेद हैं, और उनके प्रति अपनी वफादारी की पुष्टि की। उन्होंने कोलकाता में एक पार्टी सम्मेलन में कहा, मैं टीएमसी का एक वफादार सिपाही हूं और मेरी नेता ममता बनर्जी हैं। उन्होंने भाजपा में शामिल होने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा, जो लोग कह रहे हैं कि मैं भाजपा में शामिल हो रहा हूं, वे अफवाह फैला रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं उन लोगों को जानता हूं जो ऐसी फर्जी खबरें फैला रहे हैं। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले उनके निहित स्वार्थ हैं। डायमंड हार्बर सांसद ने यह भी कहा कि वह पार्टी के भीतर गद्दारों को बेनकाब करना जारी रखेंगे, जैसा कि उन्होंने पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान किया था।

# हमास ने गाजा में 4 इजरायली बंधकों के शव सौंपे



एजेंसी

**गाजा।** हमास की सशस्त्र शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने बुधवार रात को चार इजरायली बंधकों के शव अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति (आईसीआरसी) को सौंप दिए। हमास के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि अल-कस्साम ब्रिगेड ने शवों को आईसीआरसी टीम को सौंप दिया और टीम उन्हें दक्षिणी गाजा पट्टी में केरेम शालोम क्रॉसिंग के माध्यम से इजरायली सेना को सौंप देगी। अदला बदली के समझौते के पहले चरण के हिस्से के रूप में इजरायल द्वारा महिलाओं और बच्चों सहित 600 से अधिक फिलिस्तीनी बंदियों को रिहा करने की उम्मीद है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कैदियों के सैकड़ों फिलिस्तीनी परिवार अपने रिहा किए गए रिश्तेदारों का स्वागत करने के लिए गाजा पट्टी और वेस्ट बैंक में पहले ही एकत्र हो चुके हैं। फिलिस्तीनी कैदियों की देरी से रिहाई पर विवाद को हल करने के लिए मिस्र की मध्यस्थता में हमास और इजरायल के बीच हुए समझौते के बाद यह आदान-प्रदान हुआ है।

## संक्षिप्त सामाचार

### छत्तीसगढ़ विधानसभा में बंद उद्योगों का मुद्दा उठा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन, बंद उद्योगों का मुद्दा उठाया गया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार ने हमेशा इंडस्ट्रीज को बढ़ावा देने का वादा किया था, लेकिन कई उद्योग बंद हो गए हैं। राजनांदगांव में पांच उद्योग बंद होने की बात सामने आई। इस पर सवाल उठाया गया कि इन उद्योगों को सरकार से कोई मदद क्यों नहीं मिली। मंत्री लखनलाल देवांगन ने जवाब देते हुए बताया कि सरकार ने इन बंद उद्योगों को नियमों के तहत सब्सिडी और ब्याज अनुदान प्रदान किया था। इसके अलावा, मंत्री ने यह भी कहा कि 2023 में कांग्रेस के शासन में 18 उद्योग बंद हुए थे, लेकिन सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है।

### सड़क दुर्घटना में अज्ञात व्यक्ति की मौत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के भोपाल जिले के सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मृत्यु के बाद पुलिस द्वारा आज उसकी पहचान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कल मोटर साइकिल सवार एक व्यक्ति फिसलकर टोल टैक्स के पास गढमुर्रा विदिशा भोपाल रोड पर गिर गया। वह रोड के किनारे घायल अवस्था में पडा था। सूचना पर घायल को इलाज के लिए समीप के अस्पताल पहुंचाया गया। बाद में वहां से हमीदिया अस्पताल भेजा गया, जहां रात्रि में उसकी मृत्यु हो गई है। हमीदिया अस्पताल से सीएमओ डॉ पुनीत किरार की सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। जांच के दौरान अज्ञात मृतक पुरूष उम्र करीबन 36 वर्ष के परिजनों की तलाश की गई, लेकिन अज्ञात मृतक पुरूष के परिजनो का कोई पता नही चला सका है। पुलिस द्वारा उसकी पहचान को लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### आप नेता खुद के भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए विधानसभा में कर रहे हैं हंगामा: गोयल

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधा है और कहा है कि आप नेता अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए विधानसभा को चलने नहीं दे रहे हैं। श्री गोयल ने गुरुवार को कहा, आप अपने भ्रष्टाचारों पर कैग रिपोर्ट को छिपाने के लिए हंगामा करके सदन को चलने नहीं दे रही है। मुझे लगता है कि वे (आप) जनता की नजरों में और गिर जाएंगे। यह सही नहीं है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा है कि हम हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हैं।

गौरतलब प्रदेश सरकार ने 25 फरवरी को दिल्ली की शराब नीति को लेकर कैग की रिपोर्ट सदन में पेश की थी, जिसमें 2002 करोड़ रुपये से ज्यादा के सरकारी राजस्व का नुकसान होने का अनुमान है।

### यूनुस खान ने अखंड नागौर जिले में पेयजल समस्या का मुद्दा सदन में उठाया

**जयपुर।** राजस्थान में निर्दलीय विधायक यूनुस खान ने गुरुवार को सदन में अखंड नागौर जिले में पेयजल की समस्या का मुद्दा उठाया और राज्य सरकार से पेयजल समस्या का समाधान कर गर्मी में आमजन को राहत पहुंचाने का आग्रह किया। श्री खान ने शून्यकाल में स्थगन प्रस्ताव के तहत यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि अखंड नागौर जिले में वर्तमान में 125 एमएलडी पानी कम मिल रहा हैं।

# गुगल मैप से रास्ता भटकने से वंचित हो गए छह परीक्षार्थी

एजेंसी

**अलवर।** राजस्थान के अलवर में गुरूवार को अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) की पहली पारी की परीक्षाएं हुई लेकिन गूगल मैप ने करीब छह परीक्षार्थियों को रास्ता भटका दिया जिससे वह परीक्षा से वंचित हो गए।

कुछ परीक्षार्थियों का केंद्र अलवर का गौरी देवी महाविद्यालय आया गूगल मैप के जरिए कुछ परीक्षार्थि अलवर पहुंचे और उन्हें कॉलेज का दूसरा दरवाजा दिखाया जा रहा था। उस दरवाजे से प्रवेश नहीं था। हरियाणा के अमित ने बताया कि वह अलवर के जीडी कॉलेज 15 मिनट पहले ही पहुंच गए लेकिन गूगल मैप से कॉलेज का जो रास्ता दिखाया जा रहा था वह बंद गेट था जबकि कॉलेज का गेट दूसरा था। उन्होंने बताया कि जब तक हम केंद्र के प्रवेश द्वार पर पहुंचे तो गेट पर एंट्री नहीं दी गई। मात्र 30 सेकंड देर से पहुंचने के करना उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया। इसी तरह छात्रा संध्या ने बताया कि गूगल मैप ने रास्ता भटका दिया। चार साल से मेहनत कर रहे है। एक मिनट देर से पहुंचने के कारण उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया। गूगल मैप ने कई परीक्षार्थियों का अध्यापक बनने का सपना तोड़ दिया। कई जगह रोड जाम के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। नोडल प्रभारी बीना महावर ने बताया कि रीट परीक्षा 27 फरवरी को प्रथम पारी में प्रात: 10 बजे से परीक्षा शुरू हो गई। सभी को बायोमेट्रिक तरीके से पहचान कर प्रवेश दिया जा रहा है। द्वितीय पारी में दोपहर 3 बजे से सांय 5:30 बजे तक (लेवल द्वितीय) एवं 28 फरवरी को तृतीय पारी में प्रात: 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक (लेवल द्वितीय) में सम्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा को निर्विघ्न और पारदर्शिता से संचालन के लिए तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

# तेलंगाना विधान परिषद की तीन सीटों पर मतदान शुरू

एजेंसी



**हैदराबाद।** तेलंगाना विधान परिषद की तीन सीटों के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच गुरुवार को यहां मतदान शुरू हो गया। चुनाव आयोग ने विधान परिषद सदस्य चुनाव के सुचारू संचालन के लिए विस्तृत व्यवस्था की है। मतदान शाम चार बजे समाप्त होगा और वोटों की गिनती तीन मार्च को होगी। तेलंगाना में 15 जिलों में फैली तीन विधान परिषद् की सीटों मेदक-निजामाबाद-आदिलाबाद-करीमनगर स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र और वारंगल-खम्मम-नलगोंडा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुनाव हो रहे हैं। जहां एकमात्र स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 56 उम्मीदवार मैदान में हैं, वहीं मेडक-निजामाबाद-अदिलाबाद-करीमनगर और वारंगल-खम्मम-नलगोंडा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में क्रमश: 15 और 19 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी सीधे तौर पर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रही है, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सभी तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) मुकाबले से बाहर हो गयी है।वर्तमान में टी जीवन रेड्डी (कांग्रेस) के पास मेडक-निजामाबाद-आदिलाबाद-करीमनगर स्नातक सीट है, जबकि रघोथम रेड्डी और ए नरसी रेड्डी संबंधित शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों से हैं। उनका कार्यकाल 29 मार्च को खत्म होगा। पुलिस ने मतदान समाप्त होने तक सभी निर्वाचन क्षेत्रों में सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा आदेश जारी किए हैं, जिससे गैरकानूनी सभा पर रोक लगा दी गयी है। चुनाव नियमों के तहत संयुक्त वारंगल-खम्मम-नलगोंडा जिलों में शराब की दुकानों को बंद करने के आदेश भी जारी किए गये हैं।

# हरियाणा सरकार विश्वविद्यालयों की वित्तीय सहायता बंद करने पर उतारू है: संपत सिंह

एजेंसी




**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रो. संपत सिंह ने गुरुवार को कहा कि हरियाणा सरकार विश्वविद्यालयों की वित्तीय सहायता बंद करने पर उतारू है। श्री सिंह ने यहाँ प्रेस वार्ता में बताया कि प्रदेश के 22 राज्य विश्वविद्यालय पिछले तीन वर्षों में कुल 6,625.82 करोड रुपये से अधिक के कर्ज में डूब गये हैं और ऐसा अनुसंधान, शिक्षण और विस्तार पर व्यय को पूरा करने के लिए राज्य विश्वविद्यालयों को सहायता अनुदान को ऋण में बदलने के हरियाणा सरकार के फैसले के कारण हुआ है।

उन्होंने बताया कि ये विश्वविद्यालय पहले ही इन ऋणों से 5,416.07 करोड़ रुपये खर्च कर चुके हैं, शेष राशि का उपयोग चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक किये जाने की संभावना है। प्रो. सिंह ने कहा कि कि 29 अप्रैल, 2022 को, हरियाणा सरकार ने अनुदान बंद कर करके वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के लिए 10 राज्य विश्वविद्यालयों को 147.75 करोड़ रुपये ऋण के रूप में देने का फैसला किया। इससे अकादमिक क्षेत्रों में व्यापक विरोध शुरू हो गया, जिससे सरकार को पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। सरकार ने 12 मई, 2022 को एक स्पष्टीकरण जारी किया, जिसमें कहा गया कि 147.75 करोड़ रुपये वास्तव में अनुदान सहायता थी। श्री सिंह ने हालाँकि बताया कि इस आश्वासन के बावजूद, सरकार ने सहायता अनुदान को ऋण में परिवर्तित करना जारी रखा। वर्ष 2022-23 की पहली दो तिमाहियों के लिए अनुदान जारी करने के बाद, बाद के संवितरणों को स्पष्ट रूप से ऋण के बजाय 'गैर-आवर्ती व्यय' के लिए धन के रूप में अंकित किया गया था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वित्तीय हेड 6202 ऋण से संबंधित है, जबकि वित्तीय हेड 2202 सहायता अनुदान के लिए है, जिससे यह साबित होता है कि धनराशि वास्तव में ऋण थी न कि अनुदान। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए 28 मई, 2023 को एक आदेश जारी करके विश्वविद्यालयों को अपने वित्त की व्यवस्था स्वयं करने और सरकार पर निर्भरता कम करने का निर्देश दिया। सरकार ने विश्वविद्यालयों से पूर्व छात्रों, सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी), सार्वजनिक-निजी भागीदारी, अनुसंधान अनुदान, पेटेंट और अतिरिक्त भूमि के व्यावसायिक उपयोग से धन जुटाने के लिए कहा। हालाँकि, इसका भी विरोध होने पर सरकार ने 23 जून, 2023 को आदेश वापस ले लिया। प्रो. सिंह ने कहा कि तब से, विश्वविद्यालयों को सरकार केवल ऋण ही दे रही है। इस तथ्य की पुष्टि आधिकारिक रिकॉर्ड से होती है, जिसमें 2022-23, 2023-24 और 2024-25 की योजना योजनाओं के लिए विभाग-वार बजट स्थिति रिपोर्ट भी शामिल है। पूर्व वित्त मंत्री ने आरोप लगाया कि सरकार राज्य विश्वविद्यालयों को वित्तीय सहायता बंद करने पर उतारू है, जिससे ये या ता बंद हो जायेंगे या प्राइवेट सेक्टर को सौंप दिए जाएंगे। यदि ऐसा हुआ तो निम्न और मध्यम वर्ग के छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त करने में वंचित होंगे, क्योंकि उनके पास निजी विश्वविद्यालयों का खर्च उठाने के साधन नहीं है।

# अमेरिकी रक्षा सचिव मार्च के अंत में कोरिया का दौरा कर सकते हैं

एजेंसी



**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ संयुक्त दक्षिण कोरियाई-अमेरिकी अभ्यास फ्रीडम शील्ड 2025 के बाद मार्च के अंत में दक्षिण कोरिया का दौरा कर सकते हैं। योनहाप समाचार एजेंसी ने सूत्रों का हवाला से यह जानकारी दी। बुधवार को रिपोर्ट में कहा गया कि हेगसेथ एचडी हुंडई हैवी इंडस्ट्रीज और हनवा ओशन सहित कई दक्षिण कोरियाई शिपयार्ड का दौरा कर सकते हैं। रिपोर्ट में याद दिलाया गया कि पिछले नवंबर में दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यूं सुक येओल के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि वे उन्नत युद्धपोतों और जहाजों के निर्माण में दक्षिण कोरिया की क्षमताओं से अच्छी तरह वाकिफ हैं। उन्होंने इस क्षेत्र में वाशिंगटन और सियोल के बीच घनिष्ठ सहयोग की आवश्यकता पर ध्यान दिया। समाचार एजेंसी ने एक सूत्र के हवाले से कहा, हम वर्तमान में कार्य स्तर पर संभावनाओं की समीक्षा करने के चरण में हैं, और कोई आधिकारिक कार्यक्रम चर्चा नहीं हुई है।

# संदिग्ध व्यक्ति कि बैग से निकला 25लाख का ड्रग्स

शकुन टाइम्स संवाददाता



**पालघर।** पुलिस अधीक्षक बाला साहेब पाटील के निर्देशानुसार जिले भर में मादक पदार्थ अभियान चलाया गया उसी दौरान कासा थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक अविनाश मादले एवं उनकी टीम द्वारा गश्त के दौरान चार रोटी अन्तर्गत एक होटल संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल किया है।

आपको बताते कि देर रात कासा पुलिस अपने दल बल के साथ गश्त पर था और उसी इलाके में एक संदिग्ध व्यक्ति पर नजर पड़ गई । जिसका नाम राज बाबन शेअर जिसकी उम्र 26 वर्ष निवासी (ब्रान्दा मुंबई ) अहमदाबाद से मुंबई गाड़ी बदलीं करने के लिए जा रहा था तभी एक संदिग्ध हालात में एक व्यक्ति को शक होने पर गिरफ्तार कर लिया गया है जो चारोटी अप्सरा होटल के सामने से एक व्यक्ति बैग लेकर जाते हूंए दिखाई दिया तो सदेह के ऊपर उसकी तलाशी ली गई। तो एक बैग में पालिथीन में घातक पदार्थ प्राप्त हुई ,, जब संदिग्ध व्यक्ति से पालिथीन के संबंध के विषय में पूछ ताछ कि गई तो उसने संतोष जनक बयान नहीं दिया , तो पुलिस का और शक बढ़ गया तो तुरन्त स्थानीय अपराध शाखा पालघर को सूचना देकर तुरन्त मादक पदार्थ परीक्षण किट मंगाई गई। प्रशिक्षण पुलिस कर्मी पो,ह,सुयशी ने पंचों कि उपस्थित में पदार्थ कि जांच की जिसमें पुष्टि हुई कि बरामद समाग्री एमडी (मेफेडोन ) डग है। इसके बाद पुलिस वजन किया तो 125 की एमडी ड्रग्स बरामद हुई। जिसकी अनुमानित कीमत 25 लाख रुपए लगाया गया। पुलिस आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने कि प्रकिया शुरू कर दीं हैं इस आपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देने में कासा पुलिस थाने कि टीम को और स्थानीय अपराध शाखा पालघर पुलिस अभियान में सफ़ल रहा है और पालघर पुलिस आरोपी से पूछताछ करके जानकारी ले रही हैं कि नशीले पदार्थ कहां से आ रही है इसके मुख्य संदिग्ध व्यक्ति कौन थे है। इसकी जांच पड़ताल कि जा रही है। वहीं पालघर पुलिस ने जनता से अपील कि है कि ऐसे नशीली पदार्थ को रोकने में मददगार बनने कि ज़रूरत है

आप नेता खुद के भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए विधानसभा में कर रहे हैं हंगामा: गोयल

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधा है और कहा है कि आप नेता अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए विधानसभा को चलने नहीं दे रहे हैं। श्री गोयल ने गुरुवार को कहा, आप अपने भ्रष्टाचारों पर कैग रिपोर्ट को छिपाने के लिए हंगामा करके सदन को चलने नहीं दे रही है। मुझे लगता है कि वे (आप) जनता की नजरों में और गिर जाएंगे। यह सही नहीं है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा है कि हम हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हैं। गौरतलब प्रदेश सरकार ने 25 फरवरी को दिल्ली की शराब नीति को लेकर कैग की रिपोर्ट सदन में पेश की थी, जिसमें 2002 करोड़ रुपये से ज्यादा के सरकारी राजस्व का नुकसान होने का अनुमान है।


केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं महराजगंज सांसद पंकज चौधरी और पनियरा विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह शकुन टाइम्स अखबार को प्रमुखता से पढ़ते हुए

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत
YouTube shakuntimes



आवश्यकता है
भारत के समस्त राज्यों व जिलों में अनुभवी और तेज तर्रार प्रेस रिपोर्टरों की
यदि आप में है गलत को गलत कहने की हिम्मत तो शकुन टाइम्स में आपका स्वागत है
नोट : प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया में एक साथ कार्य करने का सुनहरा अवसर
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 9415052283, 9506320127
संपर्क कार्यालय : शक्तिपीठ,सारनाथ,वाराणसी (उ.प्र.) 221007